YouTube AJJ KA MUDDA

राष्ट्रीय हिंदी दैनिक समाचार पत्र

Website : www.aajkamudda.com
Email:muddaaajka@gmail.com

आज का मुद्दा

नोएडा गौतमबुद्धनगर से प्रकाशित

नजर आपकी खबर आपकी

वर्ष : 15 अंक 34 नोएडा गौतमबुद्धनगर, शनिवार 22 फरवरी 2025 RNI-No. UPHIN/2011/37197 पेज: 8 मूल्य : 2 रुपया

भारत की देसी स्नाइपर राइफल ने किया कमाल

- अमेरिका की राइफल को जोरदार मुकाबले में हराया
- शहरी लड़ाई में भी बेहद घातक साबित होते हैं स्नाइपर

नई दिल्ली (एजेंसी)। हथियार की दुनिया में भारत लगातार अपनी ताकत बढ़ा रहा है। नेशनल सिक्योरिटी गार्ड यानि ह्स्त ने गुरुवार को अखिल भारतीय पुलिस कमांडो प्रतियोगिता में स्नाइपर कैटोगिरी में केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों और राज्यों के कमांडो विंग को हराकर जीत हासिल की। दिप्रिंट की रिपोर्ट के मुताबिक एनएसजी ने बेंगलुरु स्थित फर्म की तरफ से बनाए गये .338 सेबर स्नाइपर राइफल से फायरिंग की थी। इस प्रतियोगिता में भारत के अलग अलग कमांडो फोर्स के साथ दुनियाभर के शीर्ष स्नाइपर राइफलों के साथ रेस लगाई गई थी। इस दौरान .338 सेबर स्नाइपर राइफल ने ना सिर्फ लक्ष्य को पूरी सटीकता के साथ भेदा, बल्कि स्नाइपिंग के लिए बनाए गये सभी स्टैंडर्ड को भी पूरा कर लिया। इसके बाद दूसरा स्थान महाराष्ट्र पुलिस के फोर्स वन ने जीता, जिसने अमेरिका के दुर्जेय स्नाइपर राइफल बैरेट 50 कैल का इस्तेमाल किया था। इसे दुनिया का सर्वश्रेष्ठ राइफल

माना जाता है। इसका इस्तेमाल अमेरिका के स्पेशल फोर्स के जवान और इंडियन एयरफोर्स के जवान करते हैं। भारत ने नियंत्रण रेखा (एलओसी) पर क्षमताओं को बढ़ाने के लिए सीमित संख्या में इसका इस्तेमाल किया है। फोर्स वन ने पिछले साल प्रतियोगिता जीती थी।

सेबर.338 राइफल को पूरी तरह से भारत में ही बनाया गया है। इसका डिजाइन भी भारत में ही किया गया है। इस राइफल से डेढ़ किलोमीटर की दूरी तक सटीक निशाना लगाया जा सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक इसकी सटीकता 1 मिनट के कोण से कम है इस राइफल में 27 इंच की मैच बैरल (भारत में निर्माण), 2 स्टेज ट्रिगर के साथ मोनोलिथिक चेसिस और भारत में ही डिजाइन और बनाए गये सप्रेसर का इस्तेमाल किया गया है। एनएसजी के पास बैरेट स्नाइपर भी है, लेकिन उसने डिफेंस के बनाए राइफल के साथ जाने का फैसला किया था। दिलचस्प बात यह है कि एक और देश ने इस राइफल को खरीदा है और उसे ये राइफल इतना ज्यादा पसंद आया, कि उसने फिर से इसे खरीदने का फॉलोअप ऑर्डर दिया है। इससे पहले भारत लगातार छोटे हथियारों का दूसरे देशों से ही आयात करता आया है, लेकिन ये पहली बार हुआ है कि भारत में बने किसी छोटे हथियार का निर्यात भी किया गया।

दिल्ली में सरकार बनते ही ऐक्शन में सीएम रेखा गुप्ता

24 से शुरू होगा विशेष विधानसभा सत्र

नई दिल्ली (एजेंसी)। नई सरकार गठन होने के बाद दिल्ली में अब विधानसभा सत्र शुरू होने वाला है। 24 से 27 फरवरी तक से दिल्ली विधानसभा का सत्र चलेगा। पहले ही सत्र में सरकार कैग रिपोर्ट्स पेश करेगी। जानकारी के अनुसार 27 फरवरी को रिपोर्ट पेश होगी। 24 से 27 तक तीन दिनों तक बैठक होगी। 26 फरवरी को शिवरात्री की छुट्टी होगी। जानकारी के अनुसार, बीजेपी सरकार ने 24 फरवरी से विशेष विधानसभा सत्र बुलाया है। ये सत्र 27 फरवरी तक चलेगा। 24 से 27 तक तीन दिनों तक कार्यवाही होगी। वहीं 26 फरवरी को शिवरात्री की छुट्टी रहेगी। इसी

सत्र में सरकार कैग रिपोर्ट भी पेश करेगी। 27 फरवरी को ही सरकार ये रिपोर्ट पेश करेगी। दिल्ली की नई सरकार ने कैबिनेट की पहली ही बैठक में अपना आगे का एजेंडा लगभग साफ कर दिया है। कैबिनेट की बैठक के पहले दो निर्णयों से साफ है कि एक तरफ बीजेपी ने चुनाव के दौरान जनता से जो वादे किए थे, उन्हें पूरा करने पर सरकार का फोकस रहेगा और पिछली सरकार के कार्यकाल में जो काम रोके गए थे, उन्हें आगे बढ़ाया जाएगा। वहीं, दूसरी तरफ भ्रष्टाचार के मुद्दे पर आम आदमी पार्टी की घेरेबंदी भी तेज की जाएगी और तमाम मुद्दों पर उससे अब जवाब मांगा जाएगा।

मैट्रिक परीक्षा में नकल नहीं कराने पर छात्र की हत्या

एक स्टूडेंट गंभीर, चश्मदीद बोला-कॉपी दिखाने से मना किया तो कहा-बाहर निकलो

सासाराम (एजेंसी)। सासाराम में मैट्रिक परीक्षा में नकल नहीं कराने पर एक छात्र की गोली मारकर हत्या कर दी गई। एक और छात्र को गोली लगी है, उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। 20 फरवरी को मातृभाषा (हिंदी, उर्दू) का पेपर था। अमित कुमार और संजीत कुमार बुढ़न मोड़ स्थित संत अन्ना स्कूल में परीक्षा दे रहे थे। इसी दौरान हॉल में बैठे एक

छात्र ने दोनों से नकल कराने को कहा। दोनों ने मना कर दिया। इसके बाद वो छात्र बाहर निकला और अपने साथियों को बुलाकर लाया। अमित और संजीत दोनों ऑटो से परीक्षा देकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान एनएच-19 पर देर शाम कुछ बदमाशों ने ऑटो रुकवाया और घेरकर दोनों को गोली मार दी। अमित और संजीत के साथ परीक्षा दे रहे छात्र ने बताया- चीटिंग से मना करने पर उसने धमकी दी कि तुम्हारे ऑटो पर बम गिरवा देंगे।

लीडरशिप पर विवेकानंद का मंत्र लेकर आगे बढ़ना है: मोदी

- उन्होंने कहा था-मेरे पास 100 लीडर्स हों तो देश को नंबर वन बना सकता हूं
- पीएम बोले-किसी भी देश के निर्माण के लिए वहां के व्यक्ति का विकास जरूरी

नई दिल्ली (एजेंसी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को दिल्ली के भारत मंडपम में एसओयूएल (स्कूल ऑफ अल्टीमेट लीडरशिप) कॉन्क्लेव के पहले एडिशन का इनॉगरेशन किया। प्रधानमंत्री ने कहा- किसी भी देश के निर्माण के लिए वहां के व्यक्ति यानी नागरिकों का विकास जरूरी है। पीएम ने कहा- किसी भी ऊंचाई को प्राप्त करना है, तो आरंभ जन से ही शुरू होता है। हर क्षेत्र में बेहतरीन लीडर्स का विकास बहुत जरूरी है। यह समय की मांग है। इसलिए एसओयूएल की स्थापना विकसित भारत की विकास यात्रा में एक बहुत महत्वपूर्ण और बड़ा कदम है। उन्होंने कहा- स्वामी विवेकानंद जी भारत को गुलामी से बाहर निकालकर बदलाव लाना चाहते थे। उनका विश्वास था कि अगर 100 लीडर उनके पास हों, तो वह भारत को आजादी ही नहीं, बल्कि दुनिया का नंबर वन देश बना सकते हैं। इसी मंत्र को लेकर हम सबको आगे बढ़ना है। एसओयूएल में भूटान के प्रधानमंत्री शेरिंग तोबगे भी शामिल हुए हैं। उनके आने पर पीएम मोदी ने

कहा- भूटान के राजा का आज जन्मदिन होना और हमारे यहां ये अवसर होना। ये अपने आप में सुखद संयोग हैं। भूटान के पीएम को यहां भेजने में बहुत बड़ा रोल है। इसके लिए मैं उनका भी हृदय से धन्यवाद करता हूं।

हमें हर मोर्चे पर बेहतर नेतृत्व की है जरूरत

पीएम ने कहा- आज हर भारतीय 21वीं सदी के विकसित भारत के लिए दिन-रात काम कर रहा है। ऐसे 140 करोड़ देश में हर सेक्टर में, हर कार्यक्षेत्र में, जीवन के हर आधार में हमें उत्तम से उत्तम नेतृत्व की आवश्यकता है। कुछ आयोजन ऐसे होते हैं, तो हृदय के बहुत करीब होते हैं और आज का ये प्रोग्राम भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा- किसी भी देश को प्रगति करने के लिए न केवल प्राकृतिक संसाधनों की आवश्यकता होती है, बल्कि मानव संसाधनों की भी आवश्यकता होती है। 21वीं सदी में हमें ऐसे संसाधनों की आवश्यकता है जो नवाचार को बढ़ावा दे सकें और कौशल को प्रभावी ढंग से चैनल कर सकें। हमें वैज्ञानिक रूप से नेतृत्व विकास में तेजी लानी चाहिए।

भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है - पीएम ने कहा- भारत एक वैश्विक शक्ति के रूप में उभर रहा है, और यह गति हर क्षेत्र में तेज हो रही है। इस वृद्धि को बनाए रखने और बढ़ाने के लिए हमें विश्व स्तरीय नेताओं की आवश्यकता है। यह स्थाएं इस परिवर्तन में एक गेम-चेंजर हो सकती हैं। इस तरह के अंतर्राष्ट्रीय संस्थान सिर्फ एक विकल्प नहीं हैं, बल्कि एक जरूरत हैं।

हमें ग्लोबल थिंकिंग, लोकल अप-ब्रिंगिंग के साथ बढ़ना है - प्रधानमंत्री ने कहा- आने वाले समय में जब हम डिप्लोमेसी से टेक इनोवेशन तक एक नई लीडरशिप को आगे बढ़ाएंगे तो सभी क्षेत्रों में भारत का प्रभाव कई गुना बढ़ जाएगा।

- **दुनिया से प्रतिस्पर्धा के लिए हमें स्मार्ट लीडर्स चाहिए** - हमें ऐसे व्यक्तियों को तैयार करने की आवश्यकता है जो भारतीय मानसिकता के साथ अंतर्राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य को समझते हों। इन नेताओं को रणनीतिक निर्णय लेने, संकट प्रबंधन और भविष्य की सोच में पारंगत होना चाहिए। वैश्विक बाजार और अंतरराष्ट्रीय संस्थानों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए हमें ऐसे लीडर्स की आवश्यकता है जो वैश्विक व्यापार की गतिशीलता को समझते हों। यह इसका काम है।

नए उपकेंद्र से 15 सेक्टर जगमग होंगे

आज का मुद्दा-नोएडा। विद्युत निगम द्वारा शहर में उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति के लिए नोएडा-ग्रेटर नोएडा एक्सप्रेसवे से सटे हुए सेक्टर-45 में नया बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इससे एक्सप्रेसवे से सटे हुए 15 से अधिक सेक्टरों के उपभोक्ताओं को निर्बाध आपूर्ति मिलेगी। विद्युत निगम के अधिकारियों के अनुसार बढ़ती बिजली की मांग को सेक्टर-45 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। इस बिजली उपकेंद्र को बनाने का कार्य वर्ष 2021 से चल रहा है। करीब 70 करोड़ की लागत से 220 केवी का ये उपकेंद्र अप्रैल तक बनकर तैयार हो जाएगा। उपकेंद्र को सेक्टर-148 स्थित 400 केवी के बिजली उपकेंद्र से जोड़ा जाएगा। दोनों बिजली उपकेंद्र को जोड़ने की लाइन का कार्य भी प्रगति पर है। उपकेंद्र का 90 प्रतिशत से अधिक कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य को भी जल्द पूरा कर लिया जाएगा। विद्युत निगम का ट्रांसमिशन विभाग भी बीच-बीच में बिजली उपकेंद्र का निरीक्षण करने जा रहा है। इससे बिजली उपकेंद्र के तैयार होने से एक्सप्रेस-वे के आसपास के 10 से 15 सेक्टरों के उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इसके अलावा शहर के अन्य सेक्टरों के उपभोक्ताओं को भी उपकेंद्र का लाभ मिलेगा। सेक्टर-45 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र शहर का पांच वां 220 केवी का बिजली उपकेंद्र होगा। शहर का सबसे पहला 220 केवी का बिजली उपकेंद्र सेक्टर-20 में है। इसके अलावा सेक्टर-129, सेक्टर-38ए बॉटनिकल गार्डन और सेक्टर-162 में 220 केवी का बिजली उपकेंद्र है। शहर का पांच वां 220 केवी का सेक्टर-45 में बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है। यह बिजली उपकेंद्र जल्द तक बनकर तैयार हो जाएगा। इस बिजली उपकेंद्र का आसपास के 10 से 15 सेक्टर के उपभोक्ताओं को लाभ मिलेगा। प्राधिकरण द्वारा बिजली उपकेंद्र बनाया जा रहा है।

साइबर अपराध से बचाव के उपाय

दिन-9 की साइबर अपराध कहानी (सत्य घटना पर आधारित)

आज का मुद्दा-गौतमबुद्धनगर : विजय कुमार (काल्पनिक नाम) उम्र लगभग 65 वर्ष जो एक नामी कम्पनी से सेवानिवत्त है तथा नोएडा गौतमबुद्धनगर में निवास करते है। एक दिन वह खाली बैठे इन्सटाग्राम को स्क्रॉल कर रहे थे तभी उन्हे शेयर मार्केट पर इन्वेसटमैन्ट का एक विज्ञापन दिखाई दिया जिस पर उन्होने जिज्ञासावश क्लिक कर दिया इससे वह डायरेक्ट व्हाट्सएप ग्रुप के लिंक पर चले गये जहाँ उनको एक ऐप डाउनलोड करने के लिये कहा गया जिसका नाम AngelGuard.pro था। साथ ही उस व्हाट्सएप ग्रुप पर विजय जी को शेयर मार्केट में धन लगाने व उस पर कैसे लाभ पाये कि जानकारी दी गई। उस ग्रुप पर बहुत सारे लोग जुड़े हुये थे तथा वह लोग भी लाभ प्राप्त की बातो को ग्रुप पर डाल रहे थे तथा ऐसा प्रतीत कराते थे कि इससे लाभ हो रहा है। उस ऐप पर शेयर मार्केट में जब पैसा लगाया जाता था तो ऑनलाइन देखने पर ऐसा लगता था कि ये लोग शेयर मार्केट की समझ रखते है तथा लोगो का पैसा उन शेयर में लगवाते है जहाँ पैसा लगने के साथ ही तुरन्त पैसा शेयर मार्केट में उछाल लगाते हुये दिन-दोगुना रात-चौगुना बढ़ना शुरू हो जाता है। विजय जी ने काफी देखभाल के बाद यह मानते हुये कि ये लोग शेयर मार्केट के अच्छे जानकार है, इनकी बातो व प्रलोभन में आकर फ्रॉडस्टर द्वारा बताए गए अलग-अलग खातो मे कुल 44 लाख रुपये हाई रिर्टन(ज्यादा मुनाफा) के नाम पर इन्वेस्ट कर दिए। जब उन पैसो को वादी ने वापस लेने का प्रयास किया तो पैसे वहाँ से नही निकल सके। पैसे बस वर्चुअली अकाउंट में बढ़ते हुए दिख रहे थे। पैसा निकालने हेतु फ्रॉडस्टर पहले और इनवेस्टमेंट करनें की बात कर रहा था। तब विजय जी को

शक हुआ कि उनके साथ साइबर ठगी हो गयी है। उस पैसो को अपने खाते में लेने के लिए विजय जी ने काफी प्रयास किया परन्तु पैसे वापस नही हो सके। विजय जी द्वारा तुरंत साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई गई एवं थाने पर आकर अपनी एफ0आई0आर दर्ज करायी गयी। विवेचना के दौरान थाना साइबर क्राइम पुलिस नोएडा द्वारा वादी का 3,50,000 रुपयों को तत्काल वापस कराते हुए घटना में शामिल 04 अभियुक्तों को दिल्ली व एनसीआर क्षेत्र से गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

इन्वेस्टमेंट फ्रॉड: *यदि आपके पास टेलीग्राम के माध्यम से या सोशल मीडिया के किसी भी प्लेटफार्म के माध्यम से कम समय में इन्वेस्टमेंट करके शेयर मार्केट में अधिक पैसा कमाने का कोई ऑफर आता है तो आप समझ जाइए की साइबर अपराधी आपको अपने जाल में फंसा रहे हैं आप ऐसे किसी भी शेयर मार्केट या ट्रेडिंग के प्लेटफार्म पर इन्वेस्टमेंट ना करें जो असुरक्षित है एवं आरबीआई की गाइडलाइन को फॉलो नहीं करता तथा जो भारत सरकार के अधीन और सेबी के नियंत्रण में नहीं है। ऐसे अनजान शेयर मार्केट पर इन्वेस्टमेंट करने से आप साइबर ठगी के शिकार हो सकते हैं, इनवेस्टमेंट कर जल्दी मुनाफा, नए आईपीओ का बार-बार निकालने की बात आदि गलत ट्रैडिंग सलाह पर विश्वास ना करें।

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता की चुनौतियां

ललित गर्ग

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था।

भारतीय जनता पार्टी ने फिर एक बार दिल्ली मुख्यमंत्री के रूप में श्रीमती रेखा गुप्ता के नाम को लेकर न केवल चौंकाया बल्कि एक तीर से अनेक निशाने साधे हैं। रेखा गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाकर भाजपा ने एक साथ कई समीकरणों को साधने का प्रयास किया है। इस चौंकाने वाले फैसले के पीछे भाजपा की कई रणनीतियां हैं, एक तरफ जहां जातिगत समीकरणों को साधने की कोशिश है वहीं दूसरी तरफ नेताओं के बीच प्रतिस्पर्धा को भी खत्म किया गया है। रेखा गुप्ता के रूप में भाजपा ने एक ऐसे चेहरे को आगे बढ़ाया है जो महिला सशक्तिकरण का प्रतीक भी है। रेखा गुप्ता भले ही पुरानी संघ के जुड़ी नेता रही हो, लेकिन उनका राजनीतिक अनुभव कोई बहुत ज्यादा नहीं रहा है। लेकिन भाजपा की इस नई तरह की राजनीति एवं सोच ने राजनीतिक दिग्गजों एवं कद्दावर नेताओं के स्थान पर नये चेहरों को आगे करके राजनीति की नई परिभाषा गढ़ती रही है, जो सफल भी रही है और राजनीति में परिवार एवं परम्परा को नकारा है। निश्चित ही अन्य राज्यों की भांति दिल्ली की मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता भी नया इतिहास का सृजन करते हुए विकास की नई गाथा लिखेंगी। दिल्ली से पहले भाजपा की 13 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश में सरकार थी लेकिन कोई भी महिला मुख्यमंत्री नहीं थी। दिल्ली में चौथी मुख्यमंत्री के रूप में भले ही रेखा गुप्ता का नाम राजनीति गलियारों में व्यापक चर्चा का विषय बन रहा हो, लेकिन राजनीति में महिलाओं के वर्चस्व को बढ़ाने की यह कोशिश अभिनन्दनीय एवं सराहनीय है।

राजस्थान, छत्तीसगढ़, उड़ीसा और मध्यप्रदेश में भाजपा ने मुख्यमंत्री के नामों को लेकर चौंकाया था। लेकिन यह संदेश भी दिया था कि पार्टी में बड़ा चेहरा होना सब कुछ नहीं है। कर्मठ कार्यकर्ता होना बहुत कुछ है, जो बिना अभिमान पार्टी नेतृत्व के सोच को आसमानी ऊंचाई दे सकता है। रेखा गुप्ता शालीमार बाग सीट से जीतकर पहली बार विधायक बनी हैं। शुक्रवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में रेखा गुप्ता ने नौवें मुख्यमंत्री के रूप में पद की शपथ ली, जिसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह के साथ अनेक राज्यों के मुख्यमंत्री उपस्थित रहे। रेखा गुप्ता पेशे से एक वकील हैं। भाजपा में उनकी गिनती अग्रणी नेताओं में होती है, वे दिल्ली भाजपा की महासचिव और भाजपा के महिला मोर्चा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी हैं। रेखा गुप्ता का जन्म हरियाणा के जींद में हुआ था, लेकिन उनकी शिक्षा-दीक्षा दिल्ली में हुई है। रेखा गुप्ता से पहले सुषमा स्वराज, शीला दीक्षित और आतिशी इस पद पर रह चुकी हैं। रेखा गुप्ता

पुरानी संघ से जुड़ी नेता रही हैं, दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्र संघ अध्यक्ष भी रह चुकी हैं। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद से अपना राजनीतिक सफर शुरू करने वाली रेखा गुप्ता कोमल स्वभाव, खुशमिजाज, संवेदनशील लेकिन बेबाकी, बेखौफ एवं बुलन्द आवाज में अपनी बात रखने का उनका माद्दा उनको एक खास पहचान देता है।

निश्चित ही दिल्ली का नया मंत्रिमण्डल सशक्त एवं कार्यक्षम है। वैसे एक बड़ी सच्चाई तो यही है कि दिल्ली की जीत अगर किसी एक चेहरे पर हुई थी, तो वह नरेंद्र मोदी थे। दिल्ली की जनता से मोदी ने जो वायदे किये हैं, उनको पूरा करने के लिये वे स्वयं दिल्ली पर निगरानी रखेंगे। उनका मार्गदर्शन एवं नेतृत्व ही दिल्ली के विकास की नई गाथा लिखेगा। प्रवेश वर्मा सहित छह लोगों को मंत्री पद की शपथ दिलाई गई। इस सूची में पंकज सिंह, आशीष सूद, रवींद्र इंद्रराज, कपिल मिश्रा और मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम शामिल है। पंकज सिंह बिहार के रहने वाले हैं और राजपूत चेहरा हैं, इसके अलावा रविंद्र इंद्राज दलित चेहरा हैं, कपिल मिश्रा ब्राह्मण तो सिरसा सिख। भाजपा ने सभी वर्गों को मंत्रिमण्डल में जगह दी है।

मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता का सफर चुनौतीपूर्ण रहने वाला है, क्योंकि उनका उन सारी घोषणाओं और वादों को पूरा करना है, जो चुनाव के दौरान तीन किश्तों में जारी चुनाव घोषणा पत्र में किए थे और जिसे सभाओं में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बार-बार दोहराया था। इनमें यमुना की सफाई, स्वच्छ पेयजल, साफ प्रदूषण रहित हवा दिल्ली को देना, प्रति वर्ष 50 हजार नई नौकरियों का सृजन, महिलाओं को प्रति माह 2500 रुपये देना, वृद्धों को पेंशन, मुफ्त बस यात्रा, नालों गलियों सीवर की सफाई, सड़कों की मरम्मत, ट्रैफिक जाम से निजात समेत आप सरकार की मुफ्त बिजली पानी जैसी लोकलुभावन योजनाओं को जारी रखना शामिल होगा। खासकर 15 साल तक मुख्यमंत्री रहीं और दिल्ली की सूरत बदलने वाली शीला दीक्षित के कामकाज से रेखा सरकार के कामकाज की तुलना होगी। इसके साथ ही रेखा गुप्ता को उपराज्यपाल और केंद्र सरकार के साथ तालमेल बिठाते हुए भी ये संदेश भी देना होगा कि वे कठपुतली मुख्यमंत्री नहीं हैं। इसके लिए उन्हें शीला और सुषमा का उदाहरण सामने रखकर नयी रेखाएं खिंचनी होगी। भले ही मुख्यमंत्री की घोषणा के साथ रेखा गुप्ता दिल्ली के दिलों पर छा गईं हो, एकाएक उनके फॉलोअर्स की रफ्तार देख हर कोई हैरान हो, उन्होंने दिग्गजों को पछाड़ा हो, लेकिन असली परीक्षा अब होगी और वह परीक्षा है उनका काम करने का तरीका एवं दिल्ली को दुनिया की अव्वल राजधानियों में शुमार कराने का।

रेखा गुप्ता के सामने विपक्ष आम आदमी पार्टी के आक्रामक विरोध से निपटने की भी चुनौती होगी। 22 विधायक और 43 फीसदी मत प्रतिशत वाली आप विधानसभा के भीतर बाहर सरकार के विरोध में कोई कसर नहीं छोड़ेगी। इन बाहरी चुनौतियों के साथ ही पार्टी के भीतर वो नेता जिनकी नजर मुख्यमंत्री की कुर्सी पर थी, उनके भीतरघात से भी सजग रहने व निपटने की चुनौती होगी। हालांकि, मौजूदा भाजपा नेतृत्व के दौर में भीतरघात बहुत असरदार नहीं बचा है, लेकिन इसके बावजूद भाजपा नेताओं की ही एक जमात उन्हें विफल होते भी देखना चाहेगी। मुख्यमंत्री को उन पर भी नजर रखनी होगी। आखिरी सबसे बड़ी चुनौती नौकरशाही पर सार्थक नियंत्रण और उसे जनोन्मुखी बनाने की होगी। साथ ही दिल्ली के सभी वर्गों समूहों और क्षेत्रों में संतुलन साधते हुए विकास करने की होगी। दिल्ली देश की राजधानी और केंद्र के सीधे नियंत्रण में है, इसलिए उनके हर काम पर देश एवं दुनिया के मीडिया के साथ-साथ केन्द्र की नजर रहेगी, इसलिए उन्हें फूंक फूंक कर कदम रखने होंगे।

दिल्ली का विकास केजरीवाल सरकार के दौर में अवरुद्ध रहा है। जीत के बाद विजयी भाषण में प्रधनमंत्री मोदी ने यमुना को लेकर कई बड़े वादे किए हैं, जिनपर रेखा गुप्ता सरकार को खरा उतरना होगा। तय डेडलाइन पर यमुना का जीर्णोद्धार हो पाए इसका इंतजार दिल्ली की जनता कर रही है। दिल्ली की जनता यमुना नदी को अहमदाबाद की साबरमती नदी की तर्ज पर सौन्दर्यकरण के साथ विकसित होते हुए देखने को उतावली है। दिल्ली के विभिन्न हिस्सों में इस वक्त सड़क कॉरिडोर प्रस्तावित है। इसके अलावा दिल्ली में कई स्थानों पर सड़कों का बुरा हाल है। इन सड़कों को दुरुस्त कराना भी एक बड़ी जिम्मेदारी होगी। दिल्ली में पूर्ववर्ती आप सरकार ने चार अस्पताल बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसे पूरा नहीं किया जा सकता है। वहीं, आयुष्मान आरोग्य मंदिर से जुड़ी योजना भी लागू करना होगा।

दिल्ली में जिस प्रकार सार्वजनिक परिवहन की जरूरत बढ़ती जा रही है, उस अनुरूप बसों की संख्या बढ़ानी होगी। दिल्ली में कूड़े के पहाड़ और वायु प्रदूषण बड़ी समस्या रही है। भाजपा इन मुद्दों पर आप पर हमलावर रही है लेकिन अब जब खुद भाजपा सत्ता में आ गई है तो इसके लिए कोई बहाना दिल्ली की जनता को रास नहीं आएगा। वायु प्रदूषण के कारण ना केवल लोगों के स्वास्थ्य प्रभावित हो रहे हैं बल्कि बच्चों के स्कूल बीच सेशन बंद भी कराने पड़ते हैं। भाजपा ने चुनाव के वक्त अपनी पूर्ववर्ती आम आदमी पार्टी सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए थे। रेखा गुप्ता अपनी टीम की छवि कितनी साफ, अहंकारमुक्त एवं पारदर्शी रख पाती हैं, यह भी उनके लिए बड़ी चुनौती होगी। वहीं, आप सरकार में हुए कथित भ्रष्टाचार की जांच कराना भी इसकी जिम्मेदारी होगी। महिलाओं एवं युवाओं के मुद्दों को लेकर भी उन्हें संवेदनशीलता दिखानी होगी। निश्चित ही मुख्यमंत्री का ताज फूलों से ज्यादा कांटोंभरा ताज है, लेकिन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रयोगशाला में तपकर निकली रेखा गुप्ता दिल्ली के शासन को एक नई आभा देकर सभी चुनौतियों से पार पायेगी, इसमें सन्देह नहीं है।

संपादकीय

कर्म क्षेत्र का प्रारंभ

अततः अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, संघ और भाजपा में विभिन्न पदों पर सक्रिय रहीं शालीमार बाग से पहली बार विधायक बनी, वैश्य समुदाय से आतीं रेखा गुप्ता ने दिल्ली की 9वीं और चौथी महिला मुख्यमंत्री पद की शपथ ले लीं। 10 साल पहले अरविंद केजरीवाल ने हो-हल्ले, भारी ताम-झाम और मोटे-तगड़े वादों के साथ जिन बदलावकारी राजनीति का सपना दिखाया था, वह आधिकारिक तौर पर वह फिलवक्त दिल्ली में समाप्त हो गया। अब देखना यह होगा कि सत्ता के मद में अनेकानेक अवांछित स्थितियों को पैदा करतीं रहने वाली आम आदमी पार्टी विपक्ष में कैसी भूमिका निभाएगी। उम्मीद की जानी चाहिए कि अपने गिरेबान में झांकेगी, अपनी गलतियों से सबक लेगी और अपने कार्यों और विचारों में तद्नुसार परिवर्तन करेगी। बहरहाल, अब वास्तविक चुनौती भाजपा सरकार के सामने है। दिल्ली में ही नहीं दिल्ली से लगते उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी अब डबल इंजन की सरकार है। पिछले 10 वर्षों में भाजपा की एक ही रट रही है कि दिल्ली के जो भी तात्कालिक संकट हैं, वे आम आदमी पार्टी की गलत नीतियों, भ्रष्ट गतिविधियों और अनावश्यक तौर पर अन्य पर आक्षेप लगाने के कारण है। अब भाजपा की यह ढाल टूट गई है। वह सीधे-सीधे दिल्ली की संकटों की मार में है। सबसे पहले तो उसे अपने मुफ्त के वादे पूरे करने पड़ेंगे जो मोदी की गारंटी के तौर पर उसने किए थे। यानी महिलाओं के लिए 8 मार्च को ही उनके खाते में सम्मान राशि के साथ हर महीने ढाई हजार रुपये और गर्भवती महिलाओं के लिए 21000 रुपये मातृ सुरक्षा वंदना के तहत दिए जाएंगे। उसे तात्कालिक तौर पर बिजली, पानी, सड़क, सीवर , प्रदूषण और कूड़े.जैसी समस्याओं के वादानुसार ठोस हल निकालने पड़ेंगे। यमुना की सफाई वह चुनौती होगी जिस पर उसे तुरंत काम शुरू करना होगा। यह एक भगीरथ कार्य है जो समय भी लेगा, अकूत धन और इच्छाशक्ति भी। एक तरफ अपराधों पर लगाम लगाने की समस्या होगी तो दूसरी तरफ अभ्रष्ट प्रशासन देने की भी। कुल मिलाकर, ये वे समस्याएं हैं जिनके उन्मूलन की बात भाजपा ने की है। अब उसके लिए वाक क्षेत्र से कर्म क्षेत्र में उतरने का काल शुरू हो गया है। इस महाकार्य की सफलता पर केवल दिल्ली का ही नहीं भाजपा का भविष्य भी तय होगा। अन्यथा आप की पैनी तलवार भाजपा पर घातक प्रहार करने से नहीं चूकेगी।

चिंतन-मनन

शरीर तो मंदिर है

आस्तिकता और कर्त्तव्यपरायणता की सद्वृत्ति का प्रभाव सबसे पहले सबसे समीपवर्ती स्वजन पर पड़ना चाहिए। हमारा सबसे निकटवर्ती सम्बन्धी हमारा शरीर हैं। उसके साथ सद्व्यवहार करना, उसे स्वस्थ और सुरक्षित रखना अत्यावश्यक है। शरीर को नर कहकर उसकी उपेक्षा करना अथवा उसे सजाने-संवारने में सारी शक्ति खर्च कर देना, दोनों ही ढंग अकल्याणकारी हैं। शरीर हमारा सदा सहायक सेवक है। वह चौबीसों घंटे सोते-जागते हमारे लिए काम करता रहता है। वह अपनी सामर्थय भर आज्ञा पालन के लिए तत्पर रहता है।

उसकी पांच ज्ञानेन्द्रियां न केवल ज्ञान वृद्धि का दायित्व उठाती हैं, वरन अपने-अपने ढंग से अनेक रसास्वादन भी कराती रहती हैं। इन विशेषताओं के कारण आत्मा उसकी सेवा-साधना पर मुग्ध हो जाती है और अपना सुख ही नहीं, अस्तित्व तक भूल उसी में रम जाती है। यह घनिष्ठता इतनी सघन हो जाती है कि व्यक्ति आत्मा की सत्ता और आवश्यकता तक भूल जाता है और शरीर को अपना ही आपा मानने लगता है।

ऐसे वफादार सेवक को समर्थ, निरोग एवं दीर्घजीवी बनाए रखना प्रत्येक विचारशील का कर्त्तव्य है। चाहते तो सभी ऐसा ही हैं, पर जो रहन-सहन, आहार-विहार अपनाते हैं, वह विधा ऐसी उल्टी पड़ जाती है कि उसके कारण अपने प्रिय पात्र को अपार हानि उठानी पड़ती है और रोता-कलपता, दुर्बलता से ग्रसित होकर व्यक्ति असमय दम तोड़ देता है। स्वस्थ-समर्थ रहना कठिन नहीं है। प्रकृति के संकेतों का अनुसरण करने भर से यह प्रयोजन सिद्ध हो सकता है। प्रकृति के संदेश-संकेतों को जब सृष्टि के सभी जीवधारी मोटी बुद्धि होने पर भी समझ लेते हैं तो कोई कारण नहीं कि मनुष्य जैसा बुद्धिजीवी उन्हें न अपना सके।

प्रकृति के स्वास्थ्य रक्षा के नियमों के लिए गुरुगम्य ज्ञान की आवश्यकता नहीं। वे सहज समझे और निबाहे जा सकते हैं। उचित-अनुचित का निर्णय करने वाले यंत्र इसी शरीर में लगे हैं, जो तत्काल बात देते हैं कि क्या करना चाहिए, क्या नहीं। आहार-विहार का ध्यान रखने से स्वास्थ्य रक्षा की समस्या हल हो जाती है। आहार प्रमुख पक्ष है, जिसे स्वास्थ्य अनुशासन का पूर्वार्ध कहा जा कसता है। उत्तरार्ध में विहार आता है, जिसका तात्पर्य है नित्य कर्म, शौच, स्नान, शयन, परिश्रम, संतोष आदि। शरीर रूपी मन्दिर

विकसित हो भीड़ नियंत्रण का प्रभावी तंत्र

रमेश सर्राफ धमोरा

हम देश में आए दिन भीड़ में भगदड़ मचने से कई लोगों के मरने की खबरें पढ़ते रहते हैं। हाल ही में महाकुंभ स्नान के दौरान प्रयागराज में भीड़ में भगदड़ के चलते 30 लोगों को जान गंवानी पड़ी थी। इस घटना के कुछ दिनों बाद ही नईदिल्ली रेलवे स्टेशन पर महाकुंभ जाने वालों की भीड़ में अचानक भगदड़ मचने से 18 लोगों की मौत हो गई थी। यह दोनों ही दुर्घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण व दुखद है।

देश में भगदड़ से होने वाली मौतों की सूची बहुत लंबी है। सभी को पता है कि जहां बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ एकत्रित होगी वहां कभी भी भगदड़ मचने की स्थिति पैदा हो सकती है। मगर अभी तक ऐसी कोई व्यवस्था नहीं बन पाई है जिससे भगदड़ की स्थिति ही उत्पन्न नहीं होने पाए। सरकारी भी भगदड़ होने के बाद उसको रोकने के ढोल पीट कर कुछ समय बाद शांत बैठ जाती है। मगर ऐसा कोई स्थाई तंत्र विकसित नहीं किया जाता है। जिससे भगदड़ की स्थिति होने से पहले ही सुरक्षा कर्मियों को अलर्ट मिले और वह उन पर नियंत्रण कर सके।

भगदड़ भीड़ प्रबंधन की असफलता या अभाव की स्थिति में पैदा हुई मानव निर्मित आपदा है। यह प्रायः भीड़ भरे इलाकों में किसी अफवाह के कारण भी पैदा हो सकती है। इसके अलावा प्राकृतिक आपदाएं एवं प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण भी यह आपदा पैदा होती है। इसमें संपत्ति से अधिक जान की क्षति होने की संभावना रहती है। भीड़ दुर्घटनाओं में होने वाली मौतों के वैश्विक डेटाबेस के मुताबिक 2000 के बाद से भारत में 50 से ज्यादा विनाशकारी सामूहिक समारोहों में दो हजार से ज्यादा लोगों की जान चली गई है। इन दुर्घटना को देखते हुए प्रभावी भीड़ प्रबंधन तंत्र विकसित करने की बहुत जरूरत महसूस की जा रही है। खासकर महाकुंभ जैसे बड़े आयोजनों में इसकी काफी जरूरत महसूस होती है।

भगदड़ बेहद खतरनाक और घातक स्थिति होती है। किसी भी जगह पर जब भीड़ उसकी क्षमता से अधिक हो जाती है और लोगों के पास निकलने का रास्ता नहीं होता है। भीड़ की वजह से लोगों को पैर रखने की जगह नहीं मिलती है। ऐसी स्थिति में किसी तरह की अफवाह या दुर्घटना होने पर भीड़ बेकाबू हो जाती है। इसे भीड़ में हलचल भी कहा जाता है। इसकी वजह से ही भगदड़ की स्थिति बनती है। इसी तरह भीड़ में हलचल का मतलब भीड़ का बेतरतीब तरीके से एक से ज्यादा दिशाओं में एक ही समय में आगे बढ़ना है। ऐसे में लोगों को चलने के लिए जगह कम होती है वो एक-दूसरे के बीच दब जाते हैं। जब लोग एक-दूसरे से बहुत नजदीक होते हैं तो ह्यफोर्सेज का ट्रांसमिशनह्न यानी बल का संचरण हो सकता है। इस फोर्स ट्रांसमिशन को आपने भी कभी न कभी तब महसूस किया होगा जब आप एक बहुत भीड़-भाड़ वाली किसी लाइन में खड़े हुए होंगे। जब पीछे से अचानक धक्का लगता है तो व्यक्ति खुद भी उस धक्के को अपने से आगे खड़े व्यक्ति को ट्रांसफर कर देते हैं। ऐसे में अपना संतुलन बनाए रखना और अपने पैरों पर खड़े रहना लोगों के लिए बहुत मुश्किल हो जाता है। ये पहली बार नहीं था जब किसी धार्मिक कार्यक्रम के दौरान भगदड़ मची हो। इसके पहले भी समय-समय पर भगदड़ मचने की खबरें सामने आती रही हैं। इन घटनाओं में कई लोगों की जान भी चली गई। 27 अगस्त 2003 महाराष्ट्र के नासिक जिले में कुंभ मेले में स्नान के दौरान भगदड़ मचने से 39 लोगों की मौत हो गई थी। 25 जनवरी 2005 को महाराष्ट्र के सतारा जिले में मंधारदेवी मंदिर में भगदड़ मच गई थी। जिसमें 340 से ज्यादा श्रद्धालु कुचले गए थे। 3 अगस्त 2008 हिमाचल प्रदेश के बिलासपुर जिले में नैना देवी मंदिर में मची भगदड़ में 162 लोगों की मौत हो गई थी। 30 सितंबर 2008 राजस्थान के जोधपुर शहर में चामुंडा देवी मंदिर में मची भगदड़ में लगभग 250 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 4 मार्च 2010 को उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले में कृपालु महाराज के राम जानकी मंदिर में भगदड़ में 63 लोगों की मौत हो गई थी. ।14 जनवरी 2011 को केरल के इडुक्की जिले के पुलमेडु में सबरीमाला मंदिर में एक जीप की टक्कर से मची भगदड़ में 104 श्रद्धालुओं की मौत हो गई थी। 8 नवंबर 2011 को हरिद्वार में गंगा नदी के किनारे हर की पौड़ी घाट पर मची भगदड़ में लगभग 20 लोगों की मौत हो गई थी। 19 नवंबर 2012 को पटना में गंगा नदी पर छठ पूजा के दौरान एक अस्थायी पुल के ढह जाने से भगदड़ मच गई थी जिसमें 20 लोगों की मौत हो गयी थी। 13 अक्टूबर 2013 मध्य प्रदेश के दतिया जिले में रतनगढ़ मंदिर के पास नवरात्रि के जश्न के दौरान भगदड़ मचने से 115 लोगों ने अपनी जान गंवाई थी। 3 अक्टूबर 2014 को दशहरे का जश्न समाप्त होने के तुरंत बाद पटना के गांधी मैदान में भगदड़ मच गई जिसमें 32 लोगों की मौत हो गई थी। 14 जुलाई 2015 को आंध्र प्रदेश के राजमुंदरी में पुष्करम उत्सव के पहले दिन गोदावरी नदी के तट पर भगदड़ मचने से 27 लोगों ने अपनी जान गंवा दी थी। 1 जनवरी 2022 को जम्मू-कश्मीर में माता वैष्णो देवी मंदिर में भगदड़ मचने से 12 लोगों की मौत हो गई थी। 31 मार्च 2023 को इंदौर शहर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक प्राचीन बावड़ी के ऊपर बनी स्लैब के ढह जाने से 36 लोगों को अपनी जान गंवानी पड़ी थी।

इसी तरह रेलवे स्टेशनों पर भी भगदड़ के कारण कई बड़ी दुर्घटना हो चुकी है। 28 सितंबर 2002 को लखनऊ में बसपा की रैली से वापस घर लौटते समय ट्रेन की छत पर चढ़ने से चार लोगों की करंट लगने से मौत हो गई थी। 13 नवंबर 2004 को नई दिल्ली स्टेशन पर छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाले ट्रेन का प्लेटफार्म अचानक बदलने से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर मची भगदड़ में चार यात्रियों की मौत हुई थी। 03 अक्टूबर 2007 को मुगल सराय जंक्शन पर भगदड़ मचने के कारण 14 महिलाओं की मौत हो गई थी। 10 फरवरी 2013 को इलाहाबाद में कुंभ मेला के दौरान रेलवे जंक्शन पर भगदड़ मचने से 38 लोगों की मौत हो गई थी। 29 सितंबर 2017 के दिन मुंबई के एलफिंस्टन रेलवे स्टेशन में बने फुटओवर ब्रिज पर भगदड़ मचने के कारण 22 लोगों की मौत हुई थी। हमारे देश में आए दिन जगह-जगह बड़े-बड़े धार्मिक, सामाजिक, राजनीतिक व अन्य कई प्रकार के आयोजन होते रहते हैं। जिनमें हजारों-लाखों लोग शामिल होते हैं। ऐसे ही कार्यक्रमों में जरा सी लापरवाही भगदड़ का कारण बन सकती है। ऐसे में यदि कार्यक्रम के आयोजक सावधानी बरतते हुए भीड़ नियंत्रण के पुख्ता इंतजाम करें तभी किसी तरह की दुर्घटना होने से बचा जा सकता है। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन व प्रयागराज के महाकुंभ में भी जो भगदड़ की स्थिति पैदा हुई है उसमें प्रशासनिक चूक रही है। एक स्थान पर अधिक भीड़ इकट्ठी होने पर यदि प्रशासन के अधिकारी सतर्कता बढ़ाते तो ऐसी दुर्घटनाओं को टाला जा सकता था। आगे भी सरकार को चाहिए कि ऐसे किसी भी बड़े आयोजनों के लिए और अधिक पुख्ता व्यवस्था करें। देश में आपदा राहत बल को भी अधिक सशक्त किया जाये ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचा जा सके।

महाकुंभ : आयोजन का श्रेय बनाम कुप्रबंधन की जिम्मेदारी

निर्मल रानी

भारतवर्ष में आयोजित होने वाले सबसे विशाल एवं विराट धार्मिक समागम को कुंभ मेला के नाम से जाना जाता है। यह आयोजन प्रयाग व हरिद्वार में पवित्र गंगा नदी के तट पर, उज्जैन में शिप्रा नदी तथा नासिक में गोदावरी नदी के किनारे किया जाता है। देश दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालु इन पवित्र नदियों में पौष पूर्णिमा व मकर संक्रान्ति जैसे पावन अवसरों पर स्नान करते हैं। यदि हम आयोजन स्थल की बात करें तो वार्षिक माघ मेला हो या 6 वर्षों के अंतराल में पड़ने वाले अर्ध कुंभ या फिर 12 वर्षों के अंतराल में आयोजित होने वाले पूर्ण कुंभ,सभी आयोजनों के लिये सबसे उपयुक्त, खुला व विशाल स्थान प्रयागराज ही है। यहाँ गंगा-यमुना तथा संगम के दोनों किनारों पर कई किलोमीटर लंबे खुले स्थान हैं जहाँ लाखों श्रद्धालु एक ही समय में सुगमता पूर्वक रुक सकते हैं स्नान कर सकते हैं। परन्तु इस बार सरकार द्वारा इस आयोजन को महाकुंभ के रूप में प्रचारित किया गया तथा यह भी बताया गया कि यह 144 वर्षों बाद आयोजित होने वाला महाकुंभ है। हालांकि इस दावे पर उँगलियाँ उठ रही हैं। शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद जैसे संत 144 वर्ष बाद के दावे पर यह कहते हुये सवाल उठा रहे हैं कि इससे पहले 2013 व 2001 के कुंभ को भी 144 वर्ष बाद पड़ने वाला महाकुंभ बताया गया था।

इसके अतिरिक्त इस बार का आयोजन जहाँ श्रद्धालुओं का करोड़ों की संख्या में मेले में आवागमन, विदेशी श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में शिरकत , विशिष्ट व्यक्तियों की उपस्थिति,आधुनिकता,उच्चस्तरीय हाई टेक ठहरने की व्यवस्था जैसी अनेक बातों को लेकर चर्चा में रहा वहीं पहली बार यह देखा गया कि स्वयं मुख्यमंत्री आदित्यनाथ योगी द्वारा राष्ट्रपति,प्रधानमंत्री सहित देश के तमाम विशिष्ट जनों को महाकुंभ में आने का न्योता दिया गया। हालाँकि मुख्यमंत्री द्वारा व्यक्तिगत तौर पर लोगों को निमंत्रण देने की कई जगह आलोचना भी हुई। कुछ लोगों का कहना था कि यह धार्मिक आयोजन है इस पर सभी का अधिकार है इसलिये आयोजक के रूप में न्योता देने का कोई अर्थ नहीं है। परन्तु राजनीति के वर्तमान दौर में जबकि बिना कुछ किये ही राजनेता श्रेय लेने को आतुर रहते हैं ऐसे में इतने बड़े आयोजन की भव्यता दिव्यता व सफलता का श्रेय डबल इंजन की सरकारें न लें यह आखिर कैसे हो सकता है। इस महाकुंभ के व्यापक प्रचार प्रसार की गरज से ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा मन की बात के 117वें एपिसोड में महाकुंभ-2025 की विस्तृत चर्चा की गयी। प्रधानमंत्री ने मन की बात में बताया था कि किस तरह संगम तट पर मेले की जोरदार तैयारियां चल रही हैं । साथ ही उन्होंने मेले से पूर्व हेलीकाप्टर से पूरा कुम्भ क्षेत्र देखने के अनुभव को साँझा करते हुये कहा कि- इतना विशाल, इतना सुन्दर, इतनी भव्यता। मोदी ने कहा कि अगर कम शब्दों में कहें तो महाकुंभ का संदेश, एक हो पूरा देश और दूसरे तरीके से कहूंगा गंगा की अविरल धारा, न बंटे समाज हमारा। और इसी अपील के साथ प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने न केवल अपने देश बल्कि पूरे विश्व के श्रद्धालुओं को भी महाकुंभ में आमंत्रित किया। स्वयं मुख्यमंत्री योगी ने दिसंबर माह में 4 बार महाकुंभ का निरीक्षण किया। इसमें भी कोई संदेह नहीं कि 2019 में आयोजित हुये कुंभ मेले की तुलना में इस बार पूरे महाकुंभ मेला क्षेत्र में लगभग प्रत्येक जनोपयोगी सुविधाओं में व्यापक विस्तार किया गया। जाहिर है भारतीय मीडिया भी काफी पहले से महाकुंभ आयोजन का दिन रात प्रचार कर रहा था। सरकार द्वारा टी वी,समाचारपत्र-पत्रकाओं सहित लगभग सभी प्रचार माध्यमों में सैकड़ों करोड़ के विज्ञापन दिए गये थे। हद तो यह है कि बागेश्वर धाम के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री सरीखे नाममात्र प्रवचन कताओं द्वारा यह तक कह दिया गया था कि इस महाकुंभ में स्नान न करने वाला देशद्रोही है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिये सरकार द्वारा हजारों की संख्या में विशेष रेलगाड़ियां,बसें,विमान आदि भी चलाये गये। इस तरह के व्यापक प्रचार प्रसार तथा धार्मिक आस्था के घालमेल में करोड़ों लोगों का प्रयागराज में इकठ्ठा होना तो स्वभाविक था ही।

परन्तु दुर्भाग्यवश इतना विशाल आयोजन प्रयागराज से लेकर दिल्ली तक कुप्रबंधन का शिकार रहा। मेला क्षेत्र में 30 दिन के अंदर अलग अलग क्षेत्रों में पांच बार तो आगजनी की घटनायें घटीं। जबकि पूरे मेला क्षेत्र में 350 से ज्यादा फायर ब्रिगेड, 2000 से अधिक प्रशिक्षित अग्निशामक , 50 अग्निशमन केंद्र और 20 फायर पोस्ट बनाए गए थे साथ ही अखाड़ों और टेंट में अग्नि सुरक्षा उपकरण भी लगाए गए थे। उसके बावजूद यह हादसे पेश आये ? इसी तरह कुंभ मेला क्षेत्र में अनेक बार भगदड़ मची। जिसमें दर्जनों लोग अपनी जान से हाथ धो बैठे। अभी भी कई लोगों को अपने खोये परिजनों की तलाश है। पूरा शहर कई दिनों तक जाम की चपेट में रहा। यहाँ तक कि वी आई पी पास निरस्त करने पड़े और प्रयागराज को नो वेहिकिल जोन तक घोषित करना पड़ा। और आखिरकार श्रद्धालुओं के इस सैलाब ने नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भी भगदड़ का रूप ले लिया। यहाँ भी 14 महिलाओं व 4 पुरुषों की मौत हो गयी। महाकुंभ में न आने वालों को देशद्रोही बताने वाले बागेश्वर के पंडित धीरेन्द्र शास्त्री ने भगदड़ में मरने वालों को लेकर यह विवादित बयान दे दिया कि -जो कोई गंगा किनारे मरेगा वह मरेगा नहीं बल्कि मोक्ष प्राप्त करेगा। इसतरह सरकार को खुश करने के लिये अनेक साधु संतों द्वारा तरह तरह की भ्रामक बातें की गयीं जबकि इन हादसों के लिये सरकार के कुप्रबंधन को जिम्मेदार ठहराने वालों को सनातन विरोधी,हिन्दू विरोधी,कांग्रेसी,नकारात्मक सोच रखने वाला कहा जाने लगा। हद तो यह है कि भगदड़ पर सवाल उठाने वाले शंकराचार्य के विरोध में तो सारा संत समाज ही इकठ्ठा हो गया ? शंकराचार्य ने भगदड़ में मृतकों के प्रति हमदर्दी व सरकार की लापरवाही पर ऊँगली क्या उठा दी कि उनके पद को ही चुनौती दी जाने लगी ?

आज का मुद्दा समाचार पत्र का प्रत्येक अंक मां गंगा और सिद्ध पीठ बाबा बालक नाथ मंदिर सेक्टर 62 नोएडा के चरणों में समर्पित : स्वामी मुद्रक प्रकाशक एवं संपादक मनोज वत्स द्वारा वत्स ऑफसेट मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुध नगर उत्तर प्रदेश से मुद्रित करा कर मुद्दा हाउस सी ब्लॉक बरात घर चौड़ा रघुनाथपुर सेक्टर 22 नोएडा गौतम बुद्ध नगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित किया मुख्य संपादक के.जी.शर्मा **RNI.NO.UPHIN/2011/37197,** 9310549614
किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।

स्याना क्षेत्र से सराय चौकी से अंबकेश्वर महादेव मंदिर की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग का डीएम ने किया निरीक्षण

आज का मुद्दा

आशीष कुमार -बुलंदशहर : 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर हरिद्वार, ब्रजघाट, अनूपशहर, रामघाट से जल लेकर जाने वाले कांवडियों की सुविधा हेतु संबंधित विभागों द्वारा की जाने वाली व्यवस्थाओं का शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रीमती श्रुति ने पुलिस, प्रशासनिक एवं सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण करते हुए कराई जा रही तैयारियों का जायजा लिया। स्याना क्षेत्र से सराय चौकी से अंबकेश्वर महादेव मंदिर की ओर जाने वाले कांवड़ मार्ग का निरीक्षण किया गया। निर्देशित किया गया कि यात्रा मार्ग पर कांवडियों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था समय से सुनिश्चित कर ली जाए। साफ सफाई, पेयजल, प्रकाश आदि व्यवस्था को सुनिश्चित कराया जाए। आहार में अंबकेश्वर महादेव मंदिर पर हजारों की संख्या में कांवडियों के द्वारा जलाभिषेक किया जाता है। डीएम ने मंदिर में स्थलीय निरीक्षण करते हुए जलाभिषेक के दौरान श्रद्धालुओं को नियंत्रण करने के लिए आने जाने वाले मार्गो, लगने वाले भंडारे स्थल, कंट्रोल रूम, स्वास्थ्य कैंप आदि व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निर्देशित किया गया कि मंदिर पर जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार से असुविधा न हो इसके लिए सभी व्यवस्था समय से कर ली जाए। व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस की तैनाती के साथ ही वॉलेंटियर्स भी लगाए जाए। सीसीटीवी कैमरे भी लगवाए जाए। मंदिर के मुख्य पुजारी से भी वार्ता कर जानकारी लेते हुए कहा कि शिवरात्री के मौके पर सभी श्रद्धालुओं से जल को व्यवस्थित रूप से चढ़वाया जाए। साफ सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के लिए डस्टबिन रखवाए जाए, सफाई कर्मियों की ड्यूटी, पेयजल, शौचायल की व्यवस्था भी कराई जाए। इस अवसर पर एसपी देहात रोहित मिश्रा, अपर जिलाधिकारी प्रशासन डा प्रशांत कुमार, एसपी सिटी शंकर प्रसाद, उप जिलाधिकारी स्याना गजेंद्र सिंह, उप

जिलाधिकारी अनूपशहर सहित सम्बंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

खबर का हुआ असर सफाई कराने में जुटें अधिक व कर्मचारी

नालों में भरी गंदगी से नगर वासी परेशान

आज का मुद्दा (आशीष कुमार) बुलंदशहर : स्याना में नालों की सफाई न होने से स्थानीय निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। चुरगासी रोड पर स्थित नालों में गंदगी जमा हो गई है। मामूली बारिश में ही नाले ओवरफ्लो हो जाते हैं और सड़कों पर गंदा पानी भर जाता है।स्थानीय निवासी सचिन जिंदल, आशीष अग्रवाल, अवधेश, धर्मपाल सिंह लोधी, मुनीर खान, कमरुद्दीन और परवेज आलम ने बताया कि नियमित सफाई न होने से नाले जाम हो गए हैं। लोगों को गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है। इससे बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर ने कहा कि नालों की सफाई के लिए कर्मचारियों को निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही सभी नालों की सफाई करवाई जाएगी। शहर में कहीं भी गंदगी नहीं रहने दी जाएगी।स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि वे इस समस्या को लेकर नगरपालिका अधिशासी अधिकारी को शिकायती पत्र सौंपेंगे। उनकी मांग है कि नालों की नियमित सफाई की जाए ताकि बीमारियों को रोका जा सके।



आज का मुद्दा

आशीष कुमार -बुलंदशहर: स्याना नगर में नालों में जमा गंदगी की समस्या को दैनिक आज का मुद्दा ने प्रमुखता से प्रकाशित किया था। इस खबर का तत्काल असर हुआ। नगर पालिका के अधिकारी और कर्मचारी हरकत में आ गए।नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी सेवाराम राजभर ने मौके का निरीक्षण किया। उन्होंने पूरे नगर में सफाई अभियान चलाने के आदेश दिए हैं। राजभर ने कहा कि नगर में किसी भी स्थान पर गंदगी नहीं रहने दी जाएगी। उन्होंने कर्मचारियों को सख्त चेतावनी दी है। किसी भी तरह की लापरवाही पर कार्रवाई की जाएगी।इससे पहले नगरवासियों ने नालों में जमा गंदगी की शिकायत को लेकर ईओ को ज्ञापन देने की बात कही थी। अधिशासी अधिकारी ने नगर का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि सार्वजनिक स्थलों पर गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

राजभर ने नगरवासियों से अपील की है कि वे कूड़े को सिर्फ कूड़ेदान में डालें। सार्वजनिक स्थलों पर कूड़ा फेंककर गंदगी न फैलाएं।

महाकुंभ का पवित्र जल पहुंचा जेल में

बुलंदशहर कारागार में कैदियों ने किया संगम जल से स्नान, जेल प्रशासन की रही निगरानी

आज का मुद्दा-बुलंदशहर जिला कारागार में महाकुंभ का पवित्र संगम जल पहुंचा। जेल प्रशासन ने कैदियों को पवित्र स्नान कराने की व्यवस्था की। सुबह 8 बजे से शुरू हुई इस स्नान प्रक्रिया में जेल के कुंडों में संगम जल को मिलाया गया।

जेल प्रशासन की कड़ी निगरानी में बंदियों ने पवित्र स्नान किया। कुंभ के गंगा जल से स्नान करते समय कैदियों के चेहरों पर आध्यात्मिक भाव देखे गए। यह पहली बार है जब जेल के अंदर कैदियों को महाकुंभ के पवित्र जल से स्नान की सुविधा मिली है।

इस आयोजन से कैदियों को आध्यात्मिक शांति मिलने की उम्मीद है। जेल प्रशासन का मानना है कि इस तरह की गतिविधियों से कैदियों के मन में सकारात्मक बदलाव आ सकता है।

खुर्जा नगर में पुलिस मुठभेड़ के दौरान दो बदमाश घायल, चोरी के औजार और हथियार बरामद

आज का मुद्दा -बुलंदशहर : खुर्जा नगर पुलिस ने बीती रात एक बड़ी कार्रवाई में मोटर चोरी के दो शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पिसावा रोड पर ग्राम गोठनी के पास वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बदमाशों को धर पकड़ा।पुलिस के मुताबिक, शाहपुर की तरफ से आ रही एक सफेद कार को रोकने का इशारा किया गया। कार सवार बदमाशों ने भागने की कोशिश की और कार अनियंत्रित होकर तार की चारदीवारी से टकरा गई। घिरे बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में दोनों बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गए।घायल बदमाशों की पहचान दिलावर पुत्र कलुआ (मेरठ के सरूरपुर का रहने वाला) और ताहिर पुत्र मोमीन (हापुड़ के सिम्भावली का निवासी) के रूप में हुई है। दोनों को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।बदमाशों के पास से दो तमंचे 315 बोर, सात कारतूस, एक सेंट्रो कार, चोरी के औजार और तांबे के तार बरामद हुए हैं। पूछताछ में बदमाशों ने जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में ट्यूबवेल से मोटर और तार चोरी की वारदातों को अंजाम देने की बात स्वीकार की है। पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश कर रही है। थाना प्रभारी राजपाल सिंह के नेतृत्व में वरिष्ठ उप निरीक्षक परवेज चौधरी, उप निरीक्षक सुमित मलिक समेत पुलिस की टीम ने यह कार्रवाई की।

महाशिवरात्रि की तैयारी आहार गंगा घाट पर पुलिस ने किया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

आज का मुद्दा (पुष्पेन्द्र कुमार) बुलंदशहर : आगामी महाशिवरात्रि के मद्देनजर आहार गंगा घाट पर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। आहार कोतवाली प्रभारी यंग बहादुर सिंह ने अपनी टीम के साथ घाट का निरीक्षण किया। 26 फरवरी को महाशिवरात्रि पर्व पर हरिद्वार से जल लेकर आने वाले कांवड़ियों की सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जाएगा। कोतवाली प्रभारी के साथ हेड कांस्टेबल सनोद कुमार, जोगेंद्र कुमार गौतम और अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।टीम ने आहार गंगा घाट से अंबेकेश्वर महादेव मंदिर तक का रास्ता भी देखा। यह सुनिश्चित किया गया कि श्रद्धालुओं को जल अभिषेक के दौरान किसी तरह की परेशानी न हो। पुलिस प्रशासन कांवड़ियों की सुरक्षा और सुविधा के लिए पूरी तरह तैयार है।

कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।

पत्रांकः–1482/96 एम(iV)–बु0शहर वृत्त/2024–25 दिनांकः–17.02.2025

ई–प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 12 के अनुसार रोड़ निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 25.02.2025 से 04.03.2025 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित एस0बी0डी0 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 04.03.2025 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

क्रम सं0/लॉट सं0	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (रू0 लाख में)	5 वर्षीय अनुरक्षण की लागत (रू0 लाख में)	धरोहर धनराशि (रू0 लाख में)	कार्य पूर्ण करने की अवधि वर्षाकाल सहित	अनुरक्षण अवधि	निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में)	सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता	सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता	सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता	ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10	11	12
	स्वीकृति की प्रत्याशा में										
1	जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2024–25 में फरीदाबाद ग्रेटर नोएडा वाया जसाना–मंझावली–अटटा गुजरान एकीकृत परिपथ का निर्माण कार्य। (04 लेन)।	5250.00	137.00	53.87	12 माह	5 साल	निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00	अधिषासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर	अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर	मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ	A

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0–6 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा पिछले 5 वर्षो का टर्न ओवर जोकि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षो से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यो का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
   ई–निविदा, जोकि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।
6. शासनादेश संख्या 17/2024/सा0–113/23–1–2024–23–1099/113/2023 लोक निर्माण अनुभाग–1 लखनऊ दिनांक–16.01.2024 में निहित प्राविधानों के अनुसार कार्य की अनुरक्षण अवधि 5 वर्ष होगी जिसकी गणना कार्य समाप्ति की वास्तविक तिथि से की जायेगी।

(कंचन सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
गौतमबुद्धनगर

(मनीष वर्मा)
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0,
बुलन्दशहर

एससी एसटी बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन संगठन ने डायट प्राचार्य और खंड शिक्षा अधिकारी को सौंपा ज्ञापन

आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) : एससी एसटी बेसिक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन की जिला यूनिट के पदाधिकारीयों ने प्रांतीय उपाध्यक्ष शिक्षक नेता वेद प्रकाश गौतम एवं जिलाध्यक्ष विजय गौतम के नेतृत्व में खंड शिक्षा अधिकारी बुलंदशहर कुसुम सिंह से मुलाकात की, समस्याओ को लेकर एक ज्ञापन सोंपा। विकास क्षेत्र बुलंदशहर में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत अनुसूचित जाति के शिक्षकों के साथ किए जा रहे जातिगत भेदभाव एवं उत्पीड़न के संबंध में वार्ता की गई। संगठन के पदाधिकारीयों ने अवगत कराया कि बीआरसी कार्यालय पर अन्य संगठन के पदाधिकारी अनावश्यक रूप से शिक्षण कार्य छोड़कर शिक्षक समय बीआरसी पर रहते हैं और आधार कार्ड बनाने वाली मशीनों पर कार्यरत कर्मचारियों के द्वारा आधार कार्ड नहीं बनाए जा रहे हैं। जिस कारण गरीब बच्चों के आधार कार्ड बनाने में दिक्कत आ रही है और यह भी पता लगा है कि आधार मशीन चलाने वाले कर्मचारी

बच्चों के अभिभावकों से अवैध उगाही कर रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी ने उपरोक्त सभी बातों पर संज्ञान लेने का और बीआरसी कार्यालय पर हो रहे कर्मियों को सुधारने का आश्वासन दिया। साथ ही डायट प्राचार्य बुलंदशहर को पत्र लिखकर डाइट में प्रशिक्षण के सहयोग नाम पर परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षको को संबद्ध कर रखा है जिन्हें शिक्षक छात्र हित एवं समाज हित में अपने मूल विद्यालय को कार्य मुक्त करने की अपील की। ऐसे अध्यापक जो शासन आदेशों के विरुद्ध डाइट में सम्बद्ध है यदि उनको कार्य मुक्त नहीं किया गया तो संगठन के पदाधिकारी जल्दी ही डाइट में धरना प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे। शिक्षण कार्य हेतु डाइट में पर्याप्त मात्रा में प्रवक्ता एवं बीएसए कार्यालय में जिला समन्वयक, एआरपी कार्यरत है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष विजय गौतम, जिला महामंत्री दीपक कुमार, जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेद प्रकाश मौर्य एवं शशिकांत सिंह, मनीष कुमार जिला कोषाध्यक्ष, नरेश कुमार जिला संगठन मंत्री, टिंकू सिंह, अशोक कुमार, सीमा अंबेडकर, रजनी सिंह, कमल किशोर, डेविड कुमार, गजराज सिंह, ओम प्रकाश सिंह मौजूद रहे।

सुरक्षा के दावों की खुली पोल, दहशत में छात्रा ने स्कूल जाना छोड़ा, बेटी की आपबीती सुन सहमे परिजन

(अंकुरित ओझा) गाजियाबाद। गाजियाबाद में सिहानीगेट थाना क्षेत्र में कार सवार मनचले ने स्कूल जा रही छात्रा से छेड़खानी की। छात्रा का पीछा कर आरोपी ने कार रोककर बैठने के लिए कहा। छात्रा के ईंट उठाने पर आरोपी फरार हुआ। घटना छह फरवरी की है। वहीं, दहशत में आई छात्रा ने स्कूल जाना बंद कर दिया है। परिजनों ने जब कारण पूछा तब पीड़िता ने रोते हुए पूरी घटना की जानकारी दी। पिता की शिकायत पर सिहानी गेट थाने में मुकदमा दर्ज किया गया है। पीड़िता के पिता ने पुलिस को बताया कि उनकी 17 वर्षीय बेटी 12वीं कक्षा में पढ़ती है। छह फरवरी को सुबह करीब आठ बजे जब वह स्कूल जा रही थी तब एक लड़के ने उसका पीछा किया। छात्रा ने जब पीछा करने वाले को देखा तो वह डर गई और अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगी। बताया कि लड़के ने भी उसका पीछा करना शुरू कर दिया और उसे गाली देते हुए गाड़ी में बैठने के लिए धमकाया। छात्रा ने हिम्मत दिखाते हुए आसपास के लोगों से मदद की गुहार लगाई और ईंट उठाकर कार की तरफ भागी, तब जाकर वह लड़का गाड़ी लेकर भाग गया। इस घटना से छात्रा इतनी डर गई कि उसने स्कूल जाना बंद कर दिया। दो-तीन दिन छात्रा स्कूल नहीं गई तब स्वजन ने उससे स्कूल न जाने का कारण पूछा। इसके बाद छात्रा ने रोते हुए सारी घटना बताई। पीड़िता के साथ हुई यह घटना आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गई है। छात्रा के पिता ने पुलिस से रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और उनकी बेटी की सुरक्षा की मांग की है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। छात्रा के पिता का कहना है कि बेटी को अब वह खुद स्कूल लेकर आवाजाही कर रहे हैं। उसकी परीक्षा भी शुरू होनी हैं।

दिल्ली की नई CM रेखा गुप्ता का एक्शन, पूर्व सीएम और मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ की सेवाएं खत्म

(के0जी0 शर्मा) नई दिल्ली। दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता चार्ज संभालने के बाद से ही एक्शन मोड में दिख रही हैं। सीएम ने पूर्व मुख्यमंत्री और मंत्रियों के व्यक्तिगत स्टाफ की सेवाएं खत्म कर दी है। पूर्व सरकारों ने जिन अधिकारियों और कर्मचारियों को दूसरी जगह नियुक्ति किया था, उनको तुरंत अपने मूल विभागों में रिपोर्ट करने को कहा गया है। कई सारे अधिकारियों और कर्मचारियों को प्रतिनियुक्ति पर दूसरे बोर्ड कारपोरेशन में भेजा गया था। सप्ताह भर पहले सभी विभागों से पूर्व सरकार की ओर से कॉन्ट्रैक्ट और व्यक्तिगत स्टाफ की जानकारी मांगी गई थी उनको मूल विभाग में लौटने को कहा गया है।शपथ ग्रहण के बाद से ही रेखा गुप्ता एक्शन मोड में दिख रही है। गुरुवार को शपथ ग्रहण के बाद मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता की अध्यक्षता में पहली कैबिनेट बैठक हुई। दिल्ली सरकार की पहली कैबिनेट बैठक में आयुष्मान योजना को मंजूरी दी गई। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के माध्यम से कैबिनेट के फैसलों के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि पिछली सरकार ने सीएजी की 14 रिपोर्ट सदन में पेश नहीं की थी। सदन की पहली बैठक में उन रिपोर्ट्स को पेश किया जाएगा।

लखनऊ में बनेगा देश का पहला एआई सिटी, जमीन के लिए 5 करोड़ का प्रावधान

(के0जी0 शर्मा) लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने लखनऊ में देश के पहले एआई सिटी की स्थापना के लिए पांच करोड़ रुपये आवंटित किए हैं। इस सेंटर में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंसी रिसर्च, स्टार्टअप और डाटा एनालिटिक्स से जुड़े काम होंगे। यह सेंटर न केवल तकनीकी विशेषज्ञों को नए अवसर देगा, बल्कि आईटी सेक्टर में उत्तर प्रदेश को एक प्रमुख हब के रूप में स्थापित करने में मदद करेगा।kदस खरब डालर की अर्थव्यवस्था पूरी करने में एआई सिटी की बड़ी भूमिका होगी। यू.पी. आईटी इकोसिस्टम के मामले में छठे स्थान पर है। नोएडा पहले से ही आईटी के केंद्र के रूप में उभर चुका है। अब लखनऊ जैसे टियर-2 शहरों का भी विकास आईटी हब के रूप में किया जा रहा है। इसके तहत एआई सिटी का विकास लखनऊ के नादरगंज क्षेत्र में किया जा रहा है।

ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा पहासू नगर में शोभायात्रा निकाली गई

आज का मुद्दा -बुलंदशहर : पहासूशिव जयंती महोत्सव के उपलक्ष्य में पहासू नगर में ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा शोभायात्रा निकाली गई। यात्रा का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख दिवा रानी सपरिवार तथा पुलिस अधिकारियों की उपस्थिति में अलीगढ़ जनपद प्रभारी ब्रह्माकुमारी कमलेश, जिला संयोजक सत्य प्रकाश शर्मा, स्थानीय ब्रह्माकुमारी सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी नीरू, हर्षा, प्रियंका द्वारा दूर-दूर से आई श्वेत वस्त्रधारी ब्रह्मकुमारी बहनों तथा माताओं की उपस्थिति में सेवा केन्द्र पर शिव ध्वजारोहण किया गया व शिव ध्वज दिखाकर यात्रा रवाना की गई। "सब सत्यों में सत्य महान, शिव हैं गीता के भगवान" "द्वार खड़े हैं शिव भगवान, पांच विकारों का दो दान" "बीड़ी पीना छोड़ दो गुटखा खाना छोड़ दो, प्रभु से नाता जोड़ लो" के नारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। जगह-जगह पर नगरवासियों ने पुष्प वर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। नगर भ्रमण के पश्चात शोभायात्रा सेवा केंद्र पर वापस आकर सभा में बदल गई जिसमें मुख्य अतिथि पुलिस अधिकारी संदीप व राजेंद्र कुमार ने एक स्वर में कहा कि ब्रह्माकुमारी संस्था द्वारा समाज को व्यसनों, विकारों तथा तनाव से छुड़ाने की अनुपम सेवा की जा रही है। अनेकों के जीवन में सुख शांति पवित्रता आई है। यह कार्य और भी दिनों दिन आगे बढ़ता रहे ऐसी हमारी शुभकामना है। अलीगढ जनपद प्रभारी ब्रह्माकुमारी कमलेश ने अपने उद्बोधन में शिव जयंती का रहस्य समझाते हुए कहा कि आपसी वैर छोड़ने के बजाय भक्त शिव पर बेर चढ़ाते हैं, विकार छोड़ने के बजाय आक धतूरा चढ़ाते हैं। ब्रह्माकुमारी मीनू ने अपने गीतों से भाव विभोर किया। इस अवसर पर बीके पूजा, शिवा, मीनू, प्रज्ञा, प्रेरणा, अंजलि, हेमा, किरण उपस्थित रहे।

व्यापारियों ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर मनाया जश्न

आज का मुद्दा आशीष कुमार - बुलंदशहरः स्याना व्यापारी सुरक्षा फोरम के बैनर तले नगर के व्यापारियों ने रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाए जाने पर एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। गुरुवार की देर शाम व्यापारी सुरक्षा फोरम द्वारा व्यापारी संदीप गोयल के प्रतिष्ठान पर एक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में नगर इकाई संरक्षक रतनलाल अग्रवाल ने कहा कि भाजपा द्वारा रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया गया है। यह समाज के लिए बड़े ही गौरव की बात है। जिसके बाद मौजूद व्यापारियों ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष प्रदीप अग्रवाल व संचालन संजय श्रोत्रिय ने किया। इस दौरान अनुज गर्ग नितिन सिंघल, आकाश अग्रवाल, अमित जिंदल, अंशुल अग्रवाल, कृष्ण सिंघल व नमन कंसल व्यापारी मौजूद रहे।

बकरियों की उपयोगी नस्लें

विदेशी बकरियों की प्रमुख नस्लें

अल्पाइन - यह स्विटजरलैंड की है। यह मुख्य रूप से दूध उत्पादन के लिए उपयुक्त है। इस नस्ल की बकरियाँ अपने गृह क्षेत्रों में औसतन 3-4 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन देती है।

एंग्लोनुवियन -

यह प्रायः यूरोप के विभिन्न देशों में पायी जाती है। यह मांस तथा दूध दोनों के लिए उपयुक्त है। इसकी दूध उत्पादन क्षमता 2-3 किलो ग्राम प्रतिदिन है।

सानन -

यह स्विटजरलैंड की बकरी है। इसकी दूध उत्पादन क्षमता अन्य सभी नस्लों से अधिक है। यह औसतन 3-4 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन अपने गृह क्षेत्रों में देती है।

टोगेनवर्ग -

टोगेनवर्ग भी स्विटजरलैंड की बकरी है। इसके नर तथा मादा में सींग नहीं होता है। यह औसतन 3 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन देती है।

ब्लैक बंगालः इस जाति की बकरियाँ पश्चिम बंगाल, झारखंड, असोम, उत्तरी उड़ीसा एवं बंगाल में पायी जाती है। इसके शरीर पर काला, भूरा तथा सफेद रंग का छोटा रोंआ पाया जाता है। अधिकांश (करीब 80 प्रतिशत) बकरियों में काला रोंआ होता है। यह छोटे कद की होती है वयस्क नर का वजन करीब 18-20 किलो ग्राम होता है जबकि मादा का वजन 15-18 किलो ग्राम होता है। नर तथा मादा दोनों में 3-4 इंच का आगे की ओर सीधा निकला हुआ सींग पाया जाता है। इसका शरीर गठीला होने के साथ-साथ आगे से पीछे की ओर ज्यादा चौड़ा तथा बीच में अधिक मोटा होता है। इसका कान छोटा, खड़ा एवं आगे की ओर निकला रहता है।

इस नस्ल की प्रजनन क्षमता काफी अच्छी है। औसतन यह 2 वर्ष में 3 बार बच्चा देती है एवं एक वियान में 2-3 बच्चों को जन्म देती है। कुछ बकरियाँ एक वर्ष में दो बार बच्चे पैदा करती है तथा एक बार में 4-4 बच्चे देती है। इस नस्ल की मेमना 8-10 माह की उम्र में वयस्कता प्राप्त कर लेती है तथा औसतन 15-16 माह की उम्र में प्रथम बार बच्चे पैदा करती है। प्रजनन क्षमता काफी अच्छी होने के कारण इसकी आबादी में वृद्धि दर अन्य नस्लों की तुलना में अधिक है। इस जाति के नर बच्चा का मांस काफी स्वादिष्ट होता है तथा खाल भी उत्तम कोटि का होता है। इन्हीं कारणों से ब्लैक बंगाल नस्ल की बकरियाँ मांस उत्पादन हेतु बहुत उपयोगी है। परन्तु इस जाति की बकरियाँ अल्प मात्रा (15-20 किलो ग्राम/वियान) में दूध उत्पादित करती है जो इसके बच्चों के लिए अपर्याप्त है। इसके बच्चों का जन्म के समय औसत् वजन 1.0-1.2 किलो ग्राम ही होता है। शारीरिक वजन एवं दूध उत्पादन क्षमता कम होने के कारण इस नस्ल की बकरियों से बकरी पालकों को सीमित लाभ ही प्राप्त होता है।

यह गुजरात एवं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी उपलब्ध है। इस नस्ल की बकरियाँ दूध उत्पादन हेतु पाली जाती है लेकिन मांस उत्पादन के लिए भी यह उपयुक्त है। इसका शरीर गठीला एवं रंग सफेद, भूरा या सफेद एवं भूरा का मिश्रण लिये होता है। इसका नाक छोटा परन्तु उभरा रहता है। कान लम्बा होता है। पूंछ मुड़ा हुआ एवं पूंछ का बाल मोटा तथा खड़ा होता है। इसके शरीर का बाल मोटा एवं छोटा होता है। यह सलाना एक वियान में औसतन 1.5 बच्चे उत्पन्न करती है। इस नस्ल की बकरियों को बिना चराये भी पाला जा सकता है।

झारखंड प्रांत की जलवायु में उपरोक्त वर्णित नस्लों का पालन किया जा सकता है या यहाँ पायी जाने वाली बकरियों के नस्ल सुधार हेतु बीटल, बारबरी, सिरोही एवं जमनापारी के बकरे व्यवहार में लाये जा सकते हैं।

जमुनापारी

जमुनापारी भारत में पायी जाने वाली अन्य नस्लों की तुलना में सबसे उँची तथा लम्बी होती है। यह उत्तर प्रदेश के इटावा जिला एवं गंगा, यमुना तथा चम्बल नदियों से घिरे क्षेत्र में पायी जाती है। एंग्लोनुवियन बकरियों के विकास में जमुनापारी नस्ल का विशेष योगदान रहा है।

इसके नाक काफी उभरे रहते हैं। जिसे 'रोमन' नाक कहते हैं। सींग छोटा एवं चौड़ा होता है। कान 10-12 इंच लम्बा चौड़ा मुड़ा हुआ तथा लटकता रहता है। इसके जाँघ में पीछे की ओर काफी लम्बे घने बाल रहते हैं। इसके शरीर पर सफेद एवं लाल रंग के लम्बे बाल पाये जाते हैं। इसका शरीर बेलनाकार होता है। वयस्क नर का औसत वजन 70-90 किलो ग्राम तथा मादा का वजन 50-60 किलो ग्राम होता है।

इसके बच्चों का जन्म समय औसत वजन 2.5-3.0 किलो ग्राम होता है। इस नस्ल की बकरियाँ अपने गृह क्षेत्र में औसतन 1.5 से 2.0 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन देती है। इस नस्ल की बकरियाँ दूध तथा मांस उत्पादन हेतु उपयुक्त है। बकरियाँ सलाना बच्चों को जन्म देती है तथा एक बार में करीब 90 प्रतिशत एक ही बच्चा उत्पन्न करती है। इस जाति की बकरियाँ मुख्य रूप से झाड़ियाँ एवं वृक्ष के पत्तों पर निर्भर रहती है। जमुनापारी नस्ल के बकरों का प्रयोग अपने देश के विभिन्न जलवायु में पायी जाने वाली अन्य छोटे तथा मध्यम आकार की बकरियाँ के नस्ल सुधार हेतु किया गया। वैज्ञानिक अनुसंधान से यह पता चला कि जमनापारी सभी जलवायु के लिए उपयुक्त नही हैं।

बारबरी

बारबरी मुख्य रूप से मध्य एवं पश्चिमी अफ्रीका में पायी जाती है। इस नस्ल के नर तथा मादा को पादरियों के द्वारा भारत वर्ष में सर्वप्रथम लाया गया। अब यह उत्तर प्रदेश के आगरा, मथुरा एवं इससे लगे क्षेत्रों में काफी संख्या में उपलब्ध है।

यह छोटे कद की होती है परन्तु इसका शरीर काफी गठीला होता है। शरीर पर छोटे-छोटे बाल पाये जाते हैं। शरीर पर सफेद के साथ भूरा या काला धब्बा पाया जाता है। यह देखने में हिरण के जैसा लगती है। कान बहुत ही छोटा होता है। थन अच्छा विकसित होता है। वयस्क नर का औसत वजन 35-40 किलो ग्राम तथा मादा का वजन 25-30 किलो ग्राम होता है। यह घर में बांध कर गाय की तरह रखी जा सकती है। इसकी प्रजनन क्षमता भी काफी विकसित है। 2 वर्ष में तीन बार बच्चों को जन्म देती है तथा एक वियान में औसतन 1.5 बच्चों को जन्म देती है। इसका बच्चा करीब 8-10 माह की उम्र में वयस्क होता है। इस नस्ल की बकरियाँ मांस तथा दूध उत्पादन हेतु उपयुक्त है। बकरियाँ औसतन 1.0 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन देती है।

सिरोही

सिरोही नस्ल की बकरियाँ मुख्य रूप से राजस्थान के सिरोही जिला में पायी जाती है। यह गुजरात एवं राजस्थान के सीमावर्ती क्षेत्रों में भी उपलब्ध है। इस नस्ल की बकरियाँ दूध उत्पादन हेतु पाली जाती है लेकिन मांस उत्पादन के लिए भी यह उपयुक्त है। इसका शरीर गठीला एवं रंग सफेद, भूरा या सफेद एवं भूरा का मिश्रण लिये होता है। इसका नाक छोटा परन्तु उभरा रहता है। कान लम्बा होता है। पूंछ मुड़ा हुआ एवं पूंछ का बाल मोटा तथा खड़ा होता है। इसके शरीर का बाल मोटा एवं छोटा होता है। यह सलाना एक वियान में औसतन 1.5 बच्चे उत्पन्न करती है। इस नस्ल की बकरियों को बिना चराये भी पाला जा सकता है।

झारखंड प्रांत की जलवायु में उपरोक्त वर्णित नस्लों का पालन किया जा सकता है या यहाँ पायी जाने वाली बकरियों के नस्ल सुधार हेतु बीटल, बारबरी, सिरोही एवं जमनापारी के बकरे व्यवहार में लाये जा सकते हैं।

बीटल

बीटल नस्ल की बकरियाँ मुख्य रूप से पंजाब प्रांत के गुरदासपुर जिला के बटाला अनुमंडल में पाया जाता है। पंजाब से लगे पाकिस्तान के क्षेत्रों में भी इस नस्ल की बकरियाँ उपलब्ध है। इसका शरीर भूरे रंग पर सफेद-सफेद धब्बा या काले रंग पर सफेद-सफेद धब्बा लिये होता है। यह देखने में जमनापारी बकरियाँ जैसी लगती है परन्तु ऊँचाई एवं वजन की तुलना में जमुनापारी से छोटी होती है। इसका कान लम्बा, चौड़ा तथा लटकता हुआ होता है। नाक उभरा रहता है। कान की लम्बाई एवं नाक का उभरापन जमुनापारी की तुलना में कम होता है। सींग बाहर एवं पीछे की ओर घुमा रहता है। वयस्क नर का वजन 55-65 किलो ग्राम तथा मादा का वजन 45-55 किलो ग्राम होता है। इसके वच्चों का जन्म के समय वजन 2.5-3.0 किलो ग्राम होता है। इसका शरीर गठीला होता है। जाँघ के पिछले भाग में कम घना बाल रहता है। इस नस्ल की बकरियाँ औसतन 1.25-2.0 किलो ग्राम दूध प्रतिदिन देती है। इस नस्ल की बकरियाँ सलाना बच्चे पैदा करती है एवं एक बार में करीब 60त्न बकरियाँ एक ही बच्चा देती है। बीटल नस्ल के बकरों का प्रयोग अन्य छोटे तथा मध्यम आकार के बकरियों के नस्ल सुधार हेतु किया जाता है। बीटल प्रायः सभी जलवायु हेतु उपयुक्त पाया गया है।

पपीता

पपीता भारत वर्ष में पूरे साल पैदा होता है। यह एक सर्वलिंगी पौधा है तथा इसमें नर, उभयलिंगी और मादा पौधे पाए जाते हैं। इसको उगाने के लिए कम जगह की आवश्यकता होती है तथा इसमें एक वर्ष में ही फल आना शुरू हो जाते हैं।

किस्में : पूसा डेलीसियस, पूसा मैजिस्टी, पूसा जायन्ट, पूसा ड्वार्फ, पूसा नन्हा, सूर्या, हनीड्यू, कुर्ग हनीड्यू, वाशिंगटन, कोयम्बटूर-1, कोयम्बटूर-2, कोयम्बटूर-3, कोयम्बटूर-5, कोयम्बटूर-6, कोयम्बटूर-7, सोलो इत्यादि।

नर्सरी तैयार करना : पपीते का प्रवर्धन बीज द्वारा किया जाता है। एक हैक्टेयर खेत में पौध लगाने के लिए लगभग 250-300 ग्रा. बीज की आवश्यकता होती है। पपीते की नर्सरी के लिए 10 सें.मी. ऊँची, 3 मी. नमबी तथा 1 मी. चौड़ी क्यारी बनानी चाहिए। पपीते की पौध को पॉलीथीन के थैलों में भी तैयार किया जा सकता है। नर्सरी हेतु अथवा पॉलीथीन के थैलों में भरने हेतु बालू, मिटटी तथा गोबर की सड़ी हुई खाद की समान अनुपात में मिलाकर मिश्रक तैयार करना चाहिए। बुवाई से पहले बीज को मीनोसान 0.1 प्रतिशत की दर से उपचारित करते हैं जिससे डैम्पिंग ऑफ कम होता है।

सस्य क्रियाएँ : रोपक करने से पहले भूमि की अच्छी तरह जुताई करके सममतल बना लेते हैं। पौधे लगाने के लिए 60*60*60 सें.मी. आकार का गड्ढा तैयार करना चाहिए। एक गड्ढे में 20 कि.ग्रा. सड़ी हुइ गोबर की खाद, 1 कि.ग्रा. नीम खली तथा 1 कि.ग्रा. बोन मील की आवश्यकता होती है। पपीते का रोपक मुख्यतः फरवरी-मार्च में किया तजाता हे इसके अलावा मानसून तथा शीतकाल में भी रोपक कर सकते हैं। पपीते में पौधों की संघनता किस्म, भूमि तथा जलवायु पर निर्भर करती है। पौधे से पौधे तथा पंक्ति से पंक्ति की दूरी 2.1 ग 2.1 मी. अधिकांशतः किस्मों में रखी जाती है ओर पूसा नन्हा के लिए 1.2 ग 1.2 मी. का प्रयोग करते हैं। जहाँ हवाएँ तेज चलती है तथा पत्तियों का नुकसान होता है वहाँ पपीते के बगानों के चारों तरफ हवा रोधक पौधे लगाना चाहिए। द्विलिंगी किस्मों के पपीते के बागों में 10ः1 के अनुपात में मादा तथा नर पौधे रखना चाहिए। पपीते की अच्छी उपज, बढ़वार तथा गुकवत्ता के लिए पर्याप्त सिंचाई करना आवश्यक होता है।

उर्वरण व खाद : पपीते की फसल बागवानी के लिए खाद एवं उर्वरण की समुचित मात्रा की आवश्यकता होती है। सामान्यतः पपीते के पौधों को नत्रजन 200-250 ग्रा., 200-250 ग्रा. फॉस्फोरस तथा 200-250 ग्रा. पोटाश 4 से 6 बराबर भागों में विभक्त करके देते हैं।

खरपतवार नियंत्रण : पपीते की अच्छी बढ़वार के लिए 2-3 निराई-गुड़ाई की आवश्यकता होती है तथा लूक्लोरेलिन 2.0 ग्रा./है. की दर से छिड़काव करना चाहिए।

तुड़ाई एवं उपज : पपीते के फल पूरी तरह से पकने के बाद ही तुड़ाई करते हैं तथा इसकी उपज 30-45 फल/पौधा होती है। लेभग 60-75 टन/है. उपज भी मिलती है।

तुड़ाई उपरांत प्रौद्योगिकी

1. जब फलों का रंग हरे से पीले में परिवर्तित होना शुरू हो जाए तो तुड़ाई करें।
2. आकार व रंग के आधार पर वर्गीकृत कर गत्ते के बक्सों में पैक करें।
3. 10-12 डिग्री से. तापमान व 80 प्रतिशत सापेक्ष आर्द्रता पर 15-20 दिनों तक भण्डारित करें।
4. कच्चे पपीते से पर्पन निकालें।

कीट प्रकोप एवं प्रबंधन

1. लाल मकड़ी माइट (रेड स्पाइडर माइट)

लाल मकड़ी माइट पत्ती व फलों से रस चूसती है जिससे पत्ते पीले पड़ जाते हैं व फलों की सतह खुरदरी भूरे रंग की जाती है। फलों पर ध्ब्बे भी बन जाते हैं।

इस कीट के नियंत्रण के लिए कैल्थेन 18.5 इ.सी. 2-3 मि.लि. /लिटर या आबामेक्टिन 1.9 ई.सी. 1 मि.लि./2 लिटर या मेथइल डेमिटोन 25 ई.सी. 2 मि.लि./ लिटर का छिड़काव करें।

2. फल मक्खी (फ्रूट फलाई)

फल सब्जी तुड़ाई से पहले पके हुए फलों को नुकसान पहुँचाती हैं। इस कीट के नुकसान के लक्षण व प्रबंधन आम के न्तिर्गत दर्शाए गए हैं।

3. सूत्रकृमि (नेमाटोड)

पपीते की फसल को जड़गांठ (रूट नॉट) एवं रीनिॉर्म काफी नुकसान पहुँचाते हैं। ग्रसित पौधों की जड़ों में मांठें बनने से पौधे बौने रह जाते हैं व पत्ते पीले होकर सूख जाते हैं।

प्रबंधन

1. पपीते की सूत्रकृमि प्रतिरोधी किस्म जैसे पूसा मजेस्टी लगाएँ।
2. कार्बोफ्चूरॉन 3 जी 3-4 ग्राम/पौधा प्रयोग करें।
4. रस चूसने वाले कीट

चेपा (एफिड) व सफेद मक्खी (व्हाइट फलाई) रस खूसकर पौधों को नुकसान पहुँचाते हैं। लेकिन ज्यादा नूकसान इनके द्वारा वाइरस बीमारियाँ फैलाने से होता है।

इन कीटों की रोकथाम के लिए डाईमेथोएट 30 ई.सी. 1 मि.लि./ लिटर या मेथाइल डेमिटोन 25 ई.सी. 2 मि.लि./लिटर या इमिडाक्लोप्रिड. 17.8 एस.एल. 1 मि.लि./3 लिटर पानी की दर से छिड़कें।

महाशिवरात्रि मेला को लेकर तैयारियां तेज

मेला से संबंधित किसी भी विभाग के अधिकारी लापरवाही बरती तो होगी सख्त कार्रवाई

मेला में शिव भक्तों की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था रहेगी सी ओ शोभित कुमार

आज का मुद्दा पुष्पेंद्र कुमार

बुलंदशहर : रामघाट में 26 फरवरी महाशिवरात्रि मेला से संबंधित सभी विभागों के अधिकारी साफ सफाई लाइट सड़क में हो रहे गड्ढे गंगा घाट पर गंगा में बैरीकेटिंग सीसीटीवी कैमरे गोताखोर खोया पाया पुलिस स्वास्थ्य चिकित्सा रेडियो अलाउंस आदि कैंप लगाने की व्यवस्थाओं को ठीक करने में जुट गए हैं महाशिवरात्रि मेला प्रभारी एवं उपजिलाधिकारी कमलेश कुमार गोयल ने बताया महाशिवरात्रि मेला को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए मेला से संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए गए हैं किसी भी विभाग की कोई कमियां पायी जायेगी तो उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी उन्होंने बताया रामघाट गंगा घाट पर हजारा नहर नई नहर रामघाट तिराए पर गंगागढ़ के पास नहर पर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा पर आदि स्थान पर करीब दो दर्जन सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं जो सामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखेंगे उन्होंने बताया मेला में करीब 120 सफाई कर्मी लगाए गए हैं जो तीन शिफ्ट में अलग-अलग सफाई करेंगे गंगा घाट पर गंगा में बैरिकेडिंग गोताखोर स्टीमर नाव घाट पर खोया पाया स्वास्थ्य चिकित्सा पुलिस रेडियो अलाउंस आदि कैंप लगाए जा रहे हैं

उन्होंने बताया हजारा नहर के पुल के नीचे नहर में एक नाव गोताखोर सहित तैनात रहेंगे

उन्होंने बताया रामघाट से अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा तक सड़क में हो रहे गड्ढों को भरवा दिया गया है उन्होंने बताया गंगा घाट से लेकर रामघाट तिराहे तक लाइट व्यवस्था के सख्त निदेश दिए गए हैं पुलिस क्षेत्राधिकारी शोभित कुमार ने बताया महाशिवरात्रि पर्व पर मेला में भारी मात्रा में पुलिस उपनिरीक्षक हेड कांस्टेबल पुलिसकर्मी महिला पुलिसकर्मी सादा वर्दी में पुलिसकर्मी पीएसी पुलिस के जवान शिव भक्तों की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे उन्होंने बताया रामघाट गंगा घाट पर हजारा नहर पर अलीगढ़ बुलंदशहर की सीमा पर रामघाट सकरा मार्ग पर बनाए गए अलग-अलग प्वाइंटों पर पुलिस बल तैनात रहेगा उन्होंने बताया रामघाट थाना प्रभारी रविंद्र कुमार मय पुलिस बल के साथ मेला में भ्रमण कर असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखते हुए शिव भक्तों की पूर्ण सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहेंगे

अनुराधा उप नियंत्रक नागरिक सुरक्षा अधिकारी नरौरा ने 61 स्वयं सेवकों को शिव भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था हेतु लगाया गया है जिनकी देखरेख टीम लीडर निधि शर्मा दिलीप विश्वास देवदत्त शर्मा करेंगे

कलयुगी बहू बेटे ने विकलांग वृद्ध बाप को जबरन घर से निकाल बाप के घर पर कब्जा जमाया

बुलन्दशहर (कपिल देव इन्सां) इसे कलयुग की पराकाष्ठा कहें या फिर मानवीय रिश्तों नातों का अवमूल्यन या फिर विधि की विडंबना। एक कलयुगी बेटे बहू ने वृद्ध बाप के मकान पर जबरन कब्जा कर वृद्ध बाप को उसी के घर से बेदखल कर दिया। वह भी तब जब बेटे ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अन्तर्गत खुद का घर भी बनाया हुआ है। मामला बेहद संवेदनशील। कस्बे के मौहल्ला

अजीजाबाद जहाँगीराबाद रोड़ निवासी नानक चन्द पुत्र कंन्छिद सिंह उम्र लगभग 62 वर्ष जो कि सत्तर फीसदी विकलांग है ने शुक्रवार को जिलाधिकारी श्रुति शर्मा को अपनी व्यथा सुनाते हुए सिसक कर बताया कि उसके बेटे अमित और उसकी पत्नी ममता ने उसे उसी के मकान से मारपीट कर जबरन बेदखल कर दिया है और मकान पर जबरन कब्जा जमा लिया है। पूर्व में भी बहू ममता उसे अनेक बार झूठे मुकदमे में फंसाकर जेल भिजवाने और अपने मायके से बदमाश बुलाकर हत्या करा देने की धमकी देते हुए परेशान करती आ रही है। पीड़ित नानक चन्द ने जिलाधिकारी को यह भी बताया कि उसके बेटे अमित का कस्बे में ही प्रधानमंत्री आवास योजना से मकान मौजूद है। इसके बावजूद उसके बहू बेटे ने उसके मकान को हथिया लिया है। मायूस नानक चन्द ने न्याय ना मिलने पर खुद ही मौत को गले लगा लेने की भी बात कही है। पीड़ित ने अपनी व्यथा को मुख्यमंत्री, मानवाधिकार आयोग,डी जी पी,आई जी, और डी आई जी को भी लिखित रूप से भेजकर मदद की गुहार लगाई है। जिलाधिकारी ने पीड़ित को ध्यान पूर्वक सुना और हरसंभव मदद का आश्वासन दिया है।

जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का संबंधित अधिकारी करें गुणवत्तापूर्ण निस्तारण: जिलाधिकारी

आज का मुद्दा

हापुड़। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा प्रतिदिन अपने नियमित समय प्रातः10:00 बजे से अपने कार्यालय में जनसुनवाई करती है। इस दौरान डे ऑफिसर के रूप में डिप्टी कलेक्टर ईला प्रकाश उपस्थित रही। बताते चले कि जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा के द्वारा प्रतिदिन की तरह जनसुनवाई की गई। जनसुनवाई के दौरान जिलाधिकारी के समक्ष निराश्रित बच्चों के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई जिसमें दो मासूम बच्चों जिनके मां-बाप की मृत्यु हो चुकी है तथा रिश्तेदारों द्वारा बच्चों को घर से निकालकर घर अपने नाम कर लिया हैं। शिकायत का संज्ञान लेते हुए जिलाधिकारी ने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देशित किया कि तहसीलदार हापुड़ से समन्वय स्थापित करते हुए समस्या की गहनता से जांच करें, जांच के उपरांत समस्या का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। साथ ही डीएम ने जिला प्रोबेशन अधिकारी

को निर्देशित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना के तहत दोनों बच्चों को लाभान्वित भी किया जाए। जन सुनवाई के दौरान जिलाधिकारी को राजस्व, नगर पालिका, पुलिस विभाग, विकास विभाग सम्बंधित अन्य शिकायतें प्राप्त हुई। इस दौरान शिकायतकताओं द्वारा आय, जाति प्रमाण पत्र, विधवा, वृद्धा, विकलांग पेंशन, किसान सम्मान निधि, आधार कार्ड, विद्युत व्यवस्था बाधित होने, आपसी लड़ाई–झगड़ा, स्कूल में प्रवेश, गृह कलेश से सम्बंधित शिकायतों से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस दौरान कार्यालय पर जनसुनवाई हेतु शिकायतकताओं का आवागमन रहा। जिलाधिकारी प्रेरणा शर्मा ने शिकायत सुनते हुए क्रमवार सभी शिकायतकर्तओ की शिकायतों का निस्तारण पूर्ण गुणवत्ता के साथ किए जाने हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने शिकायतों से सम्बंधित अधिकारियों को शिकायत प्रेषित करते हुए निर्देशित करते हुए कहा कि शिकायत का निस्तारण समयान्तराल में पूर्ण गुणवत्ता से किया जाना सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी द्वारा अंतिम व्यक्ति की शिकायत सुनने तक जनसुनवाई की गई।

एक परिवार एक पहचान कार्ड बनवाने से राशन कार्ड बनने में नहीं होगी कोई परेशानी:- सीडीओ

आज का मुद्दा- हापुड़। एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गौतम ने एक परिवार एक पहचान में पंजीकरण कराने को लेकर जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा है कि एक परिवार एक पहचान पर पंजीकरण करना अनिवार्य है उन्होंने जनपद वासियों से अपील करते हुए कहा कि जिन लोगों के राशन कार्ड नहीं बने हैं वह अपना एक परिवार एक पहचान के पोर्टल पर अपने नजदीकी जन सुविधा केंद्र/अपने एन्ड्रायड फोन के माध्यम से पोर्टल पर पहुंचकर पंजीकरण कराना सुनिश्चित करें जिससे उन सभी लोगों को सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ प्राप्त हो सके। मुख्य विकास अधिकारी ने यह भी जानकारी दी की फैमिली आई0डी0 बनाये जाने के सम्बन्ध में यह भ्रान्ति उत्पन्न हो रही है कि फैमिली आई0डी0 बन जाने के बाद राशन कार्ड का लाभ नही मिल पायेगा इस सम्बन्ध में शासन द्वारा निम्नानुसार स्थिति स्पष्ट की गई है राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जो राशन कार्ड के पात्र है परन्तु उनका राशन कार्ड नहीं बना है, वह फैमिली आई0डी0 पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0 बनवा सकते हैं। फैंमिली आई0डी0 बन जाने के उपरान्त पात्रतानुसार कभी भी राशन कार्ड बनाए जाने हेतु आवेदन कर सकते है। मात्र पूर्व से फैमिली आई0डी0 बने होने के कारण उनकी पात्रता पर कोई प्रभाव नहीं पडेगा। उनकी पात्रतानुसार राशन कार्ड बनाया जा सकता है। राशन कार्ड से अनाच्छादित परिवार जिनकी पोर्टल के माध्यम से फैमिली आई0डी0

बनायी गयी है, उन परिवारों का राशन कार्ड बन जाने के उपरान्त राशन कार्ड संख्या ही उनकी फैमिली आई0डी0 होंगी। राशन कार्ड निर्गत होने के उपरान्त राशन कार्ड की सुविधायें परिवारों द्वारा प्राप्त की जा सकेंगी। कतिपय प्रकरणों में राशनकार्ड धारक परिवार के पात्र न रह जाने की दशा में भी राशनकार्ड संख्या के पांचवी डिजिट के स्थान पर अंक 8 तथा शेष समस्त अंक राशन कार्ड संख्या की ही भांति समान रखते हुए फैमिली आई0डी0 निर्गत की जाएगी। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा स्पष्ट किया गया कि भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं में उन्हीं लाभार्थियों को लाभान्वित किया जाएगा जिनका या तो राशन कार्ड बना होगा या फैमिली आईडी बनी होगी यदि दोनों में से कोई भी आईडी नहीं बनी हुई होगी तो उन्हें वर्तमान में चल रही योजनाएं एवं भविष्य में आने वाली लाभार्थीपरक योजनाओं से लाभान्वित नहीं किया जाएगा।

जेएमएस वर्ल्ड स्कूल के छात्रों ने मथुरा में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया

आज का मुद्दा-हापुड़। जेएमएस वर्ल्ड स्कूल से जिला राइफल एसोसिएशन मथुरा में आयोजित शूटिंग प्रतियोगिता में वीर दीक्षित, नैतिक गहलोत, दिव्यांश सिंह सिद्धार्थ, कार्तिक शर्मा, हार्दिक गहलोत और अभिनव तोमर ने अविश्वसनीय उपलब्धि हासिल की। वीर और नैतिक के लिए व्यक्तिगत स्वर्ण पदक, साथ ही नैतिक, हार्दिक और अभिनव के लिए टीम स्वर्ण पदक और वीर, दिव्यांश और कार्तिक के लिए टीम रजत पदक के साथ उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण का अद्भुत नतीजा देखने मिला। पूरे जेएमएस परिवार को इन प्रतिभाशाली छात्रों पर गर्व है। विद्यालय प्रबंधक डॉ आयुष सिंघल ने उनकी सफलता, उनके कौशल और दृढ़ता से खेलने के लिए बधाई दी। विद्यालय प्रधानाचार्य डॉ निधि मलिक ने विद्यार्थियों के कोच अकुंश चौधरी के समर्पण तथा उनकी मेहनत को भी सराहा जिसकी वजह से विद्यार्थी नित नये कीर्तिमान स्थापित कर रहे है।

ज्ञापन न लेने से क्षुब्ध अधिवक्ताओ ने जिलाधिकारी न्यायालय का किया बहिष्कार

आज का मुद्दा-हापुड़। हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ताओं ने जिलाधिकारी न्यायालय में कोई भी न्यायिक कार्य न करने का फैसला लिया है। हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ता शुक्रवार को हापुड़ की कलेक्ट्रेट पहुंचे। अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 के विरोध में उतरे अधिवक्ताओं ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर 30 मिनट तक इंतजार किया लेकिन कोई भी ज्ञापन लेने नहीं आया। अधिवक्ताओं का कहना है कि इससे उनके मान-सम्मान को ठेस पहुंची है और उन्होंने अब जिलाधिकारी न्यायालय का पूर्ण रूप से बहिष्कार करने का फैसला लिया है। आपको बता दें कि हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के अधिवक्ताओं ने अध्यक्ष संजय कंसल एडवोकेट की अध्यक्षता और सचिव वीरेंद्र सैनी एडवोकेट के नेतृत्व में शुक्रवार को एक बैठक का आयोजन किया। बैठक में अधिवक्ताओं ने बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश के आवाहन पर अधिवक्ता संशोधन बिल-2025 का विरोध किया और एक ज्ञापन जिलाधिकारी हापुड़ को सौंपने का फैसला लिया। अधिवक्ताओं का कहना है कि जब वह ज्ञापन सौंपने के लिए डीएम ऑफिस पहुंचे तो उन्होंने करीब आधे घंटे इंतजार किया और कोई भी ज्ञापन लेने नहीं आया। इसके बाद अधिवक्ता क्षुब्ध हो गए और उन्होंने जमकर विरोध प्रदर्शन किया। साथ ही फैसला लिया कि जिलाधिकारी न्यायालय का अधिवक्ता पूर्ण रूप से बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही 25 फरवरी को अग्रिम रणनीति तय करते हुए विरोध प्रदर्शन भी करेंगे। हापुड़ बार एसोसिएशन हापुड़ के सभी अधिवक्ताओं ने प्रस्ताव का समर्थन किया।

अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग को लेकर सौंप ज्ञापन

आज का मुद्दा आशीष कुमार -बुलंदशहर स्याना बार एसोसिएशन के बैनर तले अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट में संशोधन के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम गजेंद्र सिंह को सौंपा। शुक्रवार को बार एसोसिएशन अध्यक्ष प्रदीप कुमार के नेतृत्व में दर्जनों अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट में संशोधन बिल पेश किए जाने का विरोध जताया। प्रदीप कुमार ने कहा कि यह अधिवक्ताओं की स्वतंत्रता को समाप्त करने वाला बिल है। जिसके बाद अधिवक्ताओं ने एडवोकेट एक्ट में

संशोधन के प्रस्ताव को निरस्त करने की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस दौरान दुष्यंत शर्मा श्यामवीर सिंह जाकिर उल हक विजय लोधी रोबिन पंकज त्यागी जितेंद्र भारद्वाज प्रिया त्यागी आदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

संस्था जनता जू0हाई0 स्कूल, खन्दोई, तहसील स्याना, जनपद बुलन्दशहर।

दिनांक 21.02.2025

चुनाव कार्यक्रम की सूचना

संस्था जनता जू०हाई० स्कूल, खन्दोई, तहसील स्याना, जनपद बुलन्दशहर की साधारण सभा के सभी सदस्यों की सूचित किया जाता है कि डिप्टी रजि० सोसायटीज फर्म्स चिट्स मेरठ के कार्यालय पत्र सं0 2967-IV दिनांक 07.02.2025 के आदेशानुसार प्रबन्ध समिति के चुनाव सम्पन्न कराने की घोषणा की है।

अतः आपसे अनुरोध है कि निम्न चुनाव कार्यक्रमानुसार सभी सदस्यगण निर्धारित समय सीमा पर पहुंच कर कार्यक्रमानुसार प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें।

चुनाव कार्यक्रम

क्र० सं०	कार्यक्रम	दिनांक	दिवस	समय
01	मतदाता सूची का अनन्तिम प्रकाशन	22.02.2025	शनिवार	दोपहर 2 बजे
02	मतदाता सूची पर आपत्तियों का आमन्त्रण	23.02.2025	रविवार	12 से अपरान्ह 1 बजे
03	मतदाता सूची पर आपत्तियों का निस्तारण	23.02.2025	रविवार	1 से अपरान्ह 2 बजे
04	संशोधित मतदाता सूची का अन्तिम प्रकाशन	23.02.2025	रविवार	2 से अमरान्ह 3 बजे
05	नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि	24.02.2025	सोमवार	12 से अपरान्ह 1 बजे
06	नामांकन पत्रों की जांच आपतियां	24.02.2025	सोमवार	2 से अपरान्ह 3 बजे
07	नामांकन पत्रों की वापसी/आपत्तियों का निस्तारण	24.02.2025	सोमवार	3 से अपरान्ह 4 बजे
08	वैध नामांकन पत्रों की सूची का प्रकाशन	25.02.2025	मंगलवार	12 से अपरान्ह 1 बजे
09	प्रत्याशियों को चुनाव चिन्हों का आवंटन	25.02.2025	मंगलवार	1 से अपरान्ह 2 बजे
10	मतपत्र नमूने का प्रकाशन	25.02.2025	मंगलवार	2 से अपरान्ह 3 बजे
11	मतदान चुनाव की तिथि	27.02.2025	बृहस्पतिवार	10 से अपरान्ह 1 बजे
12	मतगणना	27.02.2025	बृहस्पतिवार	मतदान के उपरान्त
13	निर्वाचित पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों की घोषणा	27.02.2025	बृहस्पतिवार	मतगणना के उपरान्त

संस्था की स्वीकृत नियमावली में निहि प्राविधानों के अनुसार संस्था जनता जू०हाई० स्कूल, खन्दोई, तहसील स्याना, जनपद बुलन्दशहर की साधारण सभा के आजीवन श्रेणी के कुल 157 सदस्यों में से 6 पदाधिकारी / 6 कार्यकारिणी सदस्य का निर्वाचन किया जायेगा। चुनाव की सम्पूर्ण प्रक्रिया एवं मतदान की प्रक्रिया गुप्त रूप से विद्यालय प्रांगण में सम्पन्न की जायेगी। प्रत्येक मताधिकारी को अपनी पहचान हेतु आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आई०डी० एवं अन्य जोकि चुनाव आयुक्त द्वारा मान्य है, को मतदान के समय अपने साथ लाना आवश्यक होगा। इनसे वंचित व्यक्ति को मतदान का अधिकार नहीं होगा।

(चुनाव अधिकारी)
तहसीलदार स्याना
जनपद बुलन्दशहर।

आस्था :साई संग्रहालय में रखी पुरानी वस्तुएं बनी श्रद्धालुओं का आकर्षण का केंद्र

आज का मुद्दा-आज का मुद्दा बुलंदशहर : शिकारपुर रोड स्थित साईं धाम दशम वर्षगांठ पर सज धज कर तैयार है। 23 फरवरी को सांई धाम की दशम वर्षगांठ धूमधाम से मनाई जाएगी। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में मंदिर स्थापित कला की अनूठी कृतियों में इसका प्रमुख स्थान है। यह अद्भुत कलाकृति व उच्च कोटि की निर्माण तकनीकी कारणों से दर्शनीय केंद्र बन गया है। श्री साईनाथ अशोक ट्रस्ट सेक्रेटरी संदीप जैन बताते हैं कि करीब 7 वर्ष पूर्व क्षेत्र के जाने-माने संत मोनी बाबा, की प्रेरणा से इसका निर्माण कराया गया था। उनके कहने पर मुंबई के अशोक के द्वारा 4000 वर्ग गज भूमि दान दी गई थी। करीब 6 वर्ष की अवधि में देश भर से बुलाए गए करीब 60 कार्यक्रमों की दिन-रात की मेहनत से इसका निर्माण हुआ। इसमें हर धर्म के बिरादरी के लोगों ने सहयोग दिया। साईं धाम में राजस्थान के कारीगरों ने धौलपुर के पत्थर पर विशेष नक्शा अंदर फर्श पर इटेलियन बेशकीमती पत्थरों

से चित्रकला को उकेरा गया है। बाबा के दरबार में लगा शीशा देखते ही आकर्षण का केंद्र बनता है। बाबा की संपूर्ण जीवन चरित्र को लाल पत्थर पर उकेरा गया है। अल्प अवधि में ही जिले के साथ-साथ प्रदेश भर में शिकारपुर का साईं धाम श्रद्धालुओं के लिए खासा दर्शनीय केंद्र बन गया है। अमूमन पुरानी चीजों का संजोने वाले लोगों के पास अपनी विभिन्न देशों की करेंसी डाक टिकट आदि का संग्रह देखा होगा।लेकिन पैशे से सिविल इंजीनियर संजीव जैन शिकारपुर निवासी के पास सैकड़ों साल पुरानी चीजों का संग्रह है। जिन्हें उन्होंने अपने संग्रहालय का रूप दे दिया है। इसी मंदिर परिसर में 2020 में संग्रहालय भी निर्माण कराया। संजीव जैन ने अपने संग्रहालय में सामान के साथ विरासत भी सहयोग कर रखा है। संजीव का मानना है आज भी पीढ़ी पिछले समय को महत्व नहीं देती। नई पीढ़ी को अपने इतिहास में विरासत से रूबरू कराने का पुरानी चीजों का संग्रह शुरू किया था। काल गणना के अनुसार इनके संग्रहालय में मुगलकालीन सैनिक का रक्षा कवच टोपी सबसे पुरानी है। 118 साल पुराना ऑस्ट्रेलियन लैंप भी संग्रहालय की खूबसूरती को बढ़ा रहा है। अभी संग्रहालय में 60 से अधिक पुरानी वस्तुएं हैं। संग्रहालय में ब्रिटिश कालिंजर की घड़ी से लेकर दीवार घड़ी 90 साल पुराने रेडियो 100 साल पुराना हुक्का व.पीतल की पिचकारी के साथ ही दर्जनभर से अधिक वस्तुएं मुगलकालीन भी ब्रिटिश कालीन हैं। संग्रह में बहुत सी ऐसी चीजें हैं जो चलन से बाहर हैं। इनके आधुनिक संस्करणों ने इनकी जगह ले ली है। इनमें बीसीआर बीसीपी रेडियो ग्रामोफोन ट्रांजिस्टर ब्रिटिश कालीन दूरबीन चक्की प्रेस चरखा, टेलीफोन घंटा कई प्रकार की स्टोव शामिल है। संजीव जैन ने बताया कि संग्रहालय का उद्देश्य नई पीढ़ी को पूर्वजों के संघर्ष और उस दौर की विरासत से रूबरू कराना है।

हरियाणा में स्थापित होंगे 10 औद्योगिक टाउनशिप, विकास को मिलेगी नई रफ्तार

चंडीगढ़ । चंडीगढ़-हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने अधिकारियों को राज्य के विभिन्न क्षेत्रों में महत्वपूर्ण निवेश सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाने के निर्देश दिए । उन्होंने प्रदेश में औद्योगिक विकास को और गति देने के लिए आवश्यकता अनुसार मौजूदा नीतियों को संशोधित करने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि इससे न केवल अधिक निवेश आकर्षित होगा बल्कि रोजगार के और अधिक अवसर भी पैदा होंगे।

मुख्यमंत्री उद्योग एवं वाणिज्य विभाग की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हरियाणा ने पहले ही आईएमटी खरखौदा की सफलता के आधार पर राज्य भर में 10 अत्याधुनिक औद्योगिक टाउनशिप स्थापित करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों की स्थापना को सुविधाजनक बनाने और वैश्विक निवेश को आकर्षित करने के लिए सक्रिय कदम उठाए जाने चाहिए।

इस संबंध में उन्होंने हरियाणा में एक अत्याधुनिक आईटी पार्क के निर्माण के साथ-साथ उद्योगों और एमएसएमई दोनों के लिए विशेष प्रोत्साहन देने का भी सुझाव दिया, ताकि राज्य को निवेश के लिए अधिक आकर्षक स्थान बनाया जा सके। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार द्वारा विनिर्माण को बढ़ावा देने और देश भर में एमएसएमई को बढ़ावा देने के लिए उठाए गए कदमों की भी सराहना करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी से सटा होने और मजबूत बुनियादी ढांचे के साथए हरियाणा वैश्विक उद्यमों को आकर्षित करने वाले आर्थिक पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने के लिए बेहतर स्थिति में है।

इसके अतिरिक्त भारतीय प्रवासी भी हरियाणा में उद्यम स्थापित करने के इच्छुक हैं, जिससे आर्थिक विकास के लिए और अवसर उपलब्ध होंगे। उन्होंने सुझाया कि उद्योग विभाग और हरियाणा राज्य औद्योगिक और बुनियादी ढांचा विकास निगम ऐसे सभी उद्यमियों से संपर्क करते हुए हरियाणा राज्य में उनके निवेश को सुविधाजनक बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय पर कार्यान्वयन और परिणाम सुनिश्चित करने के लिए ये कार्य टारगेट बेस्ड होना चाहिए।

एक अलग बैठक में मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को राज्य में एयरोस्पेस और रक्षा निवेश आकर्षित करने पर ध्यान केंद्रित करने का भी निर्देश दिया। हरियाणा राज्य को राष्ट्रीय एयरोस्पेस और रक्षा हब के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से एयरोस्पेस और रक्षा निवेश नीति को स्वीकृति दी गई है जिसका उद्देश्य इस क्षेत्र में अगले पांच वर्षों में 1 बिलियन अमरीकी डालर के निवेश को आकर्षित करना है। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी, मुख्यमंत्री के

मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, एसीएस विजयेंद्र कुमार, उद्योग विभाग के प्रधान सचिव डी सुरेश, नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव श्यामल मिश्रा आदि अधिकारी मौजूद रहे।

हरियाणा में रोडवेज की बस का एक्सीडेंट : पेड़ से टकराई बस, आधा घंटा फंसा रहा चालक

फतेहाबाद। हरियाणा के फतेहाबाद में सिरसा-चंडीगढ़ रोड पर सनियाना गांव के भाखड़ा नहर के नजदीक मोड पर हरियाणा रोडवेज की बस पेड़ से टकरा गई। इस हादसे में बस चालक रमेश कुमार समैण ड्राइवर कैबिन में ही फंस गया। यह बस फतेहाबाद डिपो की है। इस हादसे में कई सवारियों को मामूली चोटें आई हैं। बस के एक्सीडेंट के बाद उकलाना- भूना रोड पूरी तरह से जाम हो गया। दोनों तरफ वाहनों की लंबी लाइनें लग गई। घटना की सूचना मिलते ही भारी पुलिस बल मौके पर पहुंचा और एंबुलेंस की मदद से घायलों को उकलाना, हिसार व भूना आदि जगह उपचार हेतु रवाना किया। बस चालक रमेश कुमार समैण को बस के अगले हिस्से को लोगों ने लोहे की रॉड में इत्यादि से तोड़कर करीब आधे घंटे बाद बाहर निकाला। परंतु चालक की एक टांग टूट गई। जिसे हिसार के लिए रेफर किया गया। सीएससी केंद्र भूना में 52 वर्षीय महेंद्र देवी गांव भेरिया का प्राथमिक उपचार के बाद रेफर किया जिसकी बाजू भी फ्रैक्चर हो गई। फतेहाबाद रोडवेज डिपो की बस एचआर 62 जेवी 4427 वीरवार शाम को 7 बजे फतेहाबाद से उकलाना के लिए सवारियां लेकर चली थी। लेकिन भूना के पास मोटरसाइकिल चालक को बचाने की कोशिश में बस अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकराई। हादसा इतना भीषण था कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया और चालक शटरिंग और सीट के बीच में फंस गया। बस में 8-10 सवारियों को भी चोटें आई हैं। बस चालक की हालत गंभीर होने के कारण हिसार रेफर किया गया है। एक्सीडेंट को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

हरियाणा के बच्चों के लिए खास मौका! महाकुंभ में कर सकेंगे स्नान, सरकार बना रही है खास योजना

चंडीगढ़ ।हरियाणा सरकार अब स्कूल बच्चों को महाकुंभ में स्नान कराएगी। कई निजी स्कूलों की ओर से विद्यार्थियों को प्रयागराज में संगम पर स्नान के लिए ले जाने की योजना बनाई गई है। स्नान के लिए वे टूरिस्ट बसों की बजाय अपने स्कूल की बसों में जाएंगे। स्कूल से घर और घर से स्कूल तक का सफर कराने वाली ये बसें अब विद्यार्थियों को कुंभ स्नान के लिए ले जाएंगी। परिवहन विभाग की विशेष सुविधा के तहत स्कूल बसों को शैक्षणिक भ्रमण के लिए अस्थायी परमिट जारी किए जा रहे हैं। महज 500 रुपये में बस को दूसरे प्रदेश में जाने का अस्थायी तौर पर परमिट मिलेगा। इसके तहत शैक्षणिक संस्थान एक सप्ताह तक का टूर विद्यार्थियों को करा सकते हैं। ऐसे में शिक्षण संस्थानों की ओर से भी परिवहन विभाग की सुविधा का लाभ उठाते हुए शैक्षणिक टूर प्लान किए जा रहे हैं। परिवहन विभाग के पास रोजाना 10 से ज्यादा स्कूल बसों के लिए अस्थायी परमिट लेने के लिए आवेदन आ रहे हैं। इसमें टूर पर जाने वाले विद्यार्थियों की संख्या के साथ कहां और कितने दिन का टूर बनेगा, इसकी जानकारी भी संस्थान के लेटर हेड पर लिखे प्रार्थना पत्र में देनी होगी। इसके अतिरिक्त परीक्षाओं के बाद करनाल जिले के शैक्षणिक संस्थान जयपुर, आगरा, वृंदावन, अमृतसर, त्रिलोकपुर, चंडीगढ़ और आनंदपुर साहिब व ऊना के लिए अस्थायी परमिट मांग रहे हैं।

हरियाणा के फतेहाबाद में जन औषधि केंद्र में घुसे बदमाश, पिस्तौल दिखाकर दुकानदार से लूटा कैश



टोहाना। हरियाणा के फतेहाबाद में बदमाशों ने जन औषधि केंद्र में घूसकर लूट की वारदात को अंजाम दिया। बताया जा रहा है कि जिले के शहर टोहाना में दिनदहाड़े तीन युवकों ने प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र में घुसकर दुकानदार से हजारों की नकदी लूट ली। इनमें से दो युवकों ने मुंह पर कपड़ा बांधा था और दवा लेने के बहाने दुकान में घुसते ही उन्होंने दुकानदार पर पिस्तौल तान दी और वारदात को अंजाम देकर बाहर बाईक लेकर खड़े तीसरे साथी के साथ फरार हो गए। वहीं मामले की सूचना मिलते ही थाना शहर टोहाना पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई और जांच शुरू कर दी है। लूटपाट की यह घटना दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस बदमाशों की तलाश में जुटी है। इस बारे पुलिस को दी शिकायत में पुराना मॉडल टाऊन टोहाना निवासी सौरभ मित्तल ने कहा है कि उसकी रेलवे रोड पर प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र के नाम से दुकान है। बुधवार की शाम को वह दुकान पर बैठा थे तो उसी दौरान 3 युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर दवाई लेने के बहाने आए। इनमें से दो युवक दुकान के अंदर घुस गए जबकि एक युवक दुकान के बाहर बाइक पर बैठा रहा। दुकान में घुसे दोनों युवकों के मुंह पर कपड़ा बांधा हुआ था। आरोप है कि बदमाशों ने दुकान में घुसते ही एक युवक ने उसे पिस्तौल दिखाई और दुकान के गल्ले की तरफ इशारा करते हुए कहा कि जितने भी रुपये है, वह उसे निकाल दे दे। इसके बाद युवक ने गल्ले व उसकी जेब से करीब 60-70 हजार रुपये की नकदी निकाल ली।

अशोक छाबड़ा को मिली बड़ी जिम्मेदारी, सरकार में मीडिया को-ऑर्डिनेटर नियुक्त

चंडीगढ़ ।भारतीय जनता पार्टी की मनोहर लाल सरकार में मीडिया को-ऑर्डिनेटर का दायित्व संभालने वाले जींद के अशोक छाबड़ा को एक बार फिर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई है। अशोक छाबड़ा को मुख्यमंत्री का मीडिया को-ऑर्डिनेटर लगाया गया है। इन्फॉर्मेशन पब्लिक रिलेशन एंड लैंग्वेज डिपार्टमेंट के कमिश्नर और हरियाणा सरकार में सचिव डॉ. अमित कुमार अग्रवाल ने शुक्रवार को इस संबंध में एक पत्र जारी किया है। जारी पत्र में कहा गया है कि अशोक छाबड़ा की नियुक्ति तुरंत प्रभाव से लागू है और उसके बारे में संबंधित सभी अधिकारियों को सूचित कर दिया गया है। बता दें कि अशोक छाबड़ा को पहले भी कई अहम जिम्मेदारी मिल चुकी हैं। अशोक छाबड़ा की पारिवारिक पृष्ठभूमि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की है। राम मंदिर के अयोध्या आंदोलन में जेल जाने वाले अशोक छाबड़ा ने संघ की प्रचार विभाग की प्रांत टोली में लंबे समय काम किया है। भाजपा की जींद जिला युवा मोर्चा इकाई के अध्यक्ष रह चुके अशोक छाबड़ा परिवार की सामाजिक व राजनीतिक स्थिति जींद विधानसभा में मजबूत है। अशोक छाबड़ा को मनोहर सरकार में मीडिया कोऑर्डिनेटर का दायित्व दिया गया था। उन्होंने प्रदेश में पार्टी के राज्य स्तरीय कार्यक्रमों व रैलियों में भी मीडिया प्रबंधन की दृष्टि से अपने दायित्व पर रहकर सरकार और संगठन के लिये काम किया। अशोक छाबड़ा को लोकसभा चुनाव से पहले संगठन में प्रदेश भाजपा मीडिया सहप्रभारी का नया दायित्व मिला। लोकसभा चुनाव के दौरान भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यालय (रोहतक) को केंद्र मानकर एक महीने तक रोहतक के मीडिया सेंटर में रहकर मीडिया प्रबंधन का काम किया।

हरियाणा की इन 40 मंडियों में खुलेंगी अटल किसान-मजदूर कैंटीन, 25 रुपए में मिलेगा भरपेट भोजन

चरखी दादरी। हरियाणा की 40 मंडियों में रबी सीजन के दौरान अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू हो जाएगी। इस कैंटीन में श्रमिकों, किसानों, आढ़तियों को 25 रूपए प्रति थाली भोजन उपलब्ध होगा । इसके लिए विभाग द्वारा संबंधित मार्केट कमेटी सचिव को पत्र भेज दिया गया है और कैंटिन शुरू करवाने के निर्देश दिए गए हैं।

हरियाणा राज्य कृषि विपणन बोर्ड के मुख्य प्रशासक द्वारा लिखे पत्र में इसी सीजन के दौरान अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू करने के निर्देश दिये हैं। जारी पत्र के अनुसार सेल्फ हेल्थ ग्रुप को 25 रुपए में खाना की थाली दी जाएगी जिसमें 15 रुपए प्रति थाली मार्केट कमेटी द्वारा सब्सिडी देगी। आदेशों के मुताबिक कैंटीन में 15 मार्च से 31 मई तक और 15 सितंबर से 30 नवंबर तक सुबह 11 बजे से शाम 3 बजे तक खाना

मिलेगा। कैंटीन के लिए किचन, फर्नीचर व अन्य सामान कमेटी द्वारा तय किया जाएगा। मंडी आढति एसोसिएशन के महासचिव विनोद गर्ग ने कहा कि मीडिया के सहयोग से मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू हो पाई। उन्होंने कैंटीन शुरू करने पर मीडिया व सरकार का धन्यवाद किया है।

इन अनाज मंडियों में खुलेगी अटल किसान-मजदूर कैंटीन

विभाग द्वारा जारी पत्र के अनुसार चरखी दादरी सहित प्रदेश की 40 अनाज मंडियों में अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू होगी। जिसमें अंबाला कैंट, चरखी दादरी, फरीदाबाद, बल्लभगढ़, तिगांवा, मोहाना, जाखल, रतिया, भट्?टू कलां, भूना, सोहना, हिसार, उकलाना, बास, फतेहपुर पुंडरी, सीवान, पाई, राजौंद, जुंडला, कुंजपुरा, निगढ़ू, शाहाबाद, बबीन, फिरोजपुर झिरका, पुन्हाना, तावडू, नारनौल, नांगल चौधरी, हसनपुर, पलवल, हथीन, इसराना, कोसली, महम, ढींग, ऐलनाबाद, रानिया, मस्तफाबाद, रादौर व सढौरा शामिल हैं।

पत्र मिला, इसी सीजर से शुरू करेंगे कैंटीन

मार्केट कमेटी के सचिव विजय कुमार ने बताया कि इसी फसल सीजन के दौरान अटल किसान-मजदूर कैंटीन शुरू करने बारे पत्र मिल चुका है। फिलहाल भवन नहीं होने के चलते अस्थाई कैंटीन शुरू की जाएगी। बताया कि सेल्फ हेल्थ कैंटीन में 25 रुपए में खाना मिलेगा।

प्यार के चक्कर में देहरादून से पानीपत पहुंचा युवक, युवती ने चली ऐसी चाल... खतरे में आ गई जान

पानीपत। पानीपत के गांव सिवाह के पास स्थित निजी होटल से देहरादून के सिंचाई विभाग के ठेकेदार का अपहरण उसके साथ होटल में आई लड़की ने ही कराया था। गिरोह के सरगना के कहने पर लड़की ने पहले ठेकेदार को अपने प्रेम जाल में फंसाया फिर उसे पानीपत बुलाकर उसका व उसके चालक का अपने छह- सात साथियों से अपहरण करवा दिया था। गिरोह ने ठेकेदार के पिता को कॉल कर 20 लाख रुपये की फिरौती भी मांगी थी। आरोपी ठेकेदार को उसकी स्कॉर्पियो गाड़ी लेकर इधर से उधर घूमते रहे और उसके साथ मारपीट करते रहे। सीआईए टू ने ठेकेदार के मोबाइल की लोकेशन से इन्हें ट्रेस किया और गांव मुनक के पास से चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर ठेकेदार को इनके चंगुल से बचाया। आरोपियों की पहचान बल्ला गांव निवासी रोहित, मोहित शिवांश व रौनक के रूप में हुई। सीआईए ने दो आरोपियों को दो दिन के रिमांड पर लिया है। दो आरोपी रौनक व मोहित को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया है। मुख्य साजिशकर्ता अब तक फरार है। उसकी और युवकी की गिरफ्तारी के लिए सीआईए टू की टीम छापामारी कर रही है। डीएसपी सतीश वत्स ने लघु सचिवालय स्थित पुलिस सभागार में पूरे मामले पटाक्षेप करते हुए बताया कि बताया कि मंगलवार शाम को डॉयल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचना मिली थी की सिवाह जीटी रोड स्थित एक होटल में आए युवक व युवती का चार पांच युवकों ने अपहरण कर लिया है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची थी। सीआईए की टीमों को सक्रिय कर दिया था। पुलिस ने होटल में आए युवक व युवती का आधार कार्ड जांचा तो युवक देहरादून निवासी मनीष व युवती झज्जर की मिली। पुलिस ने मनीष के घर संपर्क किया तो परिजनों ने बताया कि मनीष के मोबाइल से उनके पास कॉल आ रही थी। उसका अपहरण कर लिया गया है। उनसे 20 लाख रुपये मांगे जा रहे हैं। पुलिस ने मनीष के मोबाइल को ट्रेसिंग पर लगाया था। उसकी लोकेशन मुनक गांव की आ रह थी। सीआईए टू की टीम लोकेश पर पहुंची। वहां एक काल रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी खड़ी दिखाई दी। सीआईए ने गाड़ी को घेर लिया। यहां से यहां युवकों को पकड़ा गया। गाड़ी से मनीष व उसके चालक कुर्बान को बरामद किया गया। दोनों को बुरी तरह से पीटा गया था।

कांग्रेस की गुटबाजी से सबक लेते हुए भाजपा का बड़ा फैसला, इन नेताओं को लाऐ एक साथ

चंडीगढ़ । कांग्रेस की गुटबाजी से सबक लेते हुए भाजपा ने निकाय चुनाव में बड़ा फैसला लिया है। भारतीय जनता पार्टी ने क्षेत्रीय स्तर पर चल रही नेताओं की आपसी गुटबाजी और मतभेदों को खत्म करते हुए उन्हें एक ही कमेटी में शामिल कर दिया है। इससे हाईकमान के आदेश पर एक साथ काम करना नेताओं की मजबूरी बन जाएगा। पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष मोहन लाल बड़ौली की तरफ से शुक्रवार की सुबह इस संबंध में आदेश जारी किए गए।

पार्टी के पास नेताओं की स्थानीय स्तर पर गुटबाजी की खबरें लगातार पहुंच रही थी। नेताओं की आपसी गुटबाजी का नुकसान निकाय चुनाव में उतरे प्रत्याशियों को हो रहा था। जिसके चलते भाजपा ने समय रहते डैमेज कंट्रोल कर लिया है। भाजपा ने फरीदाबाद नगर निगम के लिए कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल तथा राज्य मंत्री राजेश नागर को संयोजक लगाया है।

यहां केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्ण पाल गुर्जर को शहर की राजनीति से दूर रखने का प्रयास किया गया है।

हिसार में सांसद नवीन जिंदल के साथ उनके धुर विरोधी पूर्व मंत्री कमल गुप्ता को संयोजक बनाया है। करनाल निगम में कैबिनेट मंत्री महीपाल ढांडा और विधायक जगमोहन आनंद संयोजक होंगे। पानीपत में कैबिनेट मंत्री कृष्ण लाल पंवार तथा पूर्व विधायक प्रमोद विज को संयोजक बनाया गया है।

रोहतक नगर निगम में पूर्व सांसद एवं कैबिनेट मंत्री अरविंद शर्मा तथा पूर्व मंत्री मनीष ग्रोवर संयोजक होंगे। सोनीपत में विधानसभा डिप्टी स्पीकर डॉ.कृष्ण मिढ्ढा और विधायक निखिल मदान को संयोजक बनाया गया है। विधानसभा चुनाव के दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कविता जैन व मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार राजीव जैन की टिकट काटकर निखिल मदान को उतारा गया था। निखिल के विधायक बनने के बाद राजीव जैन की राजनीति अलग चल रही थी।

यमुनानगर में पार्टी ने पूर्व मंत्री कंवरपाल गुर्जर तथा विधायक घनश्याम दास अरोड़ा को संयोजक लगाया है। इसी तरह अंबाला नगर निगम में मंत्री अनिल विज के साथ उनके धुर विरोधी रहे पूर्व मंत्री असीम गोयल को लगाया गया है। वहीं अंबाला कैंट नगर परिषद में अकेले विज को जिम्मेदारी दी गई है। गुरुग्राम में राव नरबीर के साथ मुकेश शर्मा, मानेसर में आरती राव और सत्यप्रकाश जरावता को संयोजक बनाया गया है।

पटौदी नगर परिषद में विधायक बिमला चौधरी, सिरसा नगर परिषद में कैबिनेट मंत्री कृष्ण बेदी व पूर्व विधायक गोपाल कांडा, थानेसर में सांसद नवीन जिंदल तथा पूर्व विधायक सुभाष सुधा, अंबाला छावनी में परिवहन मंत्री अनिल विज तथा सोहना नगर परिषद में राज्य मंत्री गौरव गौतम व तेजपाल तंवर को संयोजक बनाया गया है।

ग्रामीण चौकीदारों को ये खास सुविधा देने जा रही हरियाणा सरकार, सैलरी को लेकर भी बड़ा ऐलान

चंडीगढ़। हरियाणा के मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ. साकेत कुमार ने कहा कि प्रदेश सरकार ग्रामीण चौकीदारों की भलाई के लिए प्रयासरत है। चौकीदारों का वेतन 7000 से बढ़ाकर 11 हजार रुपये किया है। जल्द ही चौकीदारों के आई कार्ड बनवाए जाएंगे ताकि उन्हें कार्य करते हुए कोई असुविधा न हो। उन्होंने आश्वासन दिया कि चौकीदारों के रिक्त पदों को भरने की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी। वे बृहस्पतिवार को यहां सिविल सचिवालय में ग्रामीण चौकीदार संघ, हरियाणा के पदाधिकारियों के साथ हुई बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इस मौके पर चौकीदारों ने अपना मांग पत्र भी सौंपा। इस दौरान जानकारी दी गई कि प्रदेश में 7301 चौकीदारों के पद हैं, जिनमें से 4927 चौकीदार काम कर रहे हैं और 2374 चौकीदारों के पद रिक्त हैं। चौकीदारों ने बताया कि मृत्यु का रिकॉर्ड दर्ज करने वाला पोर्टल ठीक से कार्य नहीं कर रहा है और चौकीदारों को वेतन संबंधी समस्या भी आ रही है। इस पर मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव डॉ साकेत कुमार ने कहा कि चौकीदारों की परेशानियों का जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा।

देश के कोने-कोने में हर समय बिजली उपलब्ध कराने का है लक्ष्य : मनोहर लाल

चंडीगढ़ /नई दिल्ली । केंद्रीय ऊर्जा एवं शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने हमेशा ही संजीदा मुद्दों पर जहां साहसिक फैसले लिए हैं तो जनहित में नए प्रयोग करने से भी गुरेज नहीं किया। हरियाणा के मुख्यमंत्री के रूप में उन्होंने सरकारी नौकरियों में सिफारिश एवं रिश्वत पर अंकुश लगाया और मैरिट के आधार पर नौकरियां दीं। इसी तरह से पर्यावरण जैसे संजीदा मसले को लेकर भी उन्होंने बड़ी पहल करते हुए अनेक योजनाएं लागू की। इसी कड़ी में अब केंद्रीय मंत्री बनने के बाद वे लगातार बिजली संबंधी परियोजना के संदर्भ में बैठकें कर रहे हैं। विशेषकर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए भी लगातार प्रयासरत हैं। इसी कड़ी में ऊर्जा दक्षता सुधार के उद्देश्य से दिल्ली में शुक्रवार को राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने विभाग की एक पत्रिका का भी विमोचन किया। राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करने के बाद केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने ट्वीट करते हुए लिखा कि 'आज सतत शीतलन और ऊर्जा दक्षता सुधार की दर को दोगुना करने पर राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित किया। विभिन्न क्षेत्रों में प्रगति में तेजी लाने के लिए नवीन समाधानों, तकनीकी प्रगति और सहयोगात्मक प्रयासों पर चर्चा की गई। 2030 तक वैश्विक ऊर्जा दक्षता को दोगुणा करने की भारत की प्रतिबद्धता के अनुरूप, हम बिजली क्षेत्र में दक्षता बढ़ाने के प्रयासों में तेजी ला रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2047 तक विकसित भारत के दृष्टिकोण की दिशा में आगे बढ़ते हुए, ऊर्जा दक्षता सतत विकास और ऊर्जा सुरक्षा का एक प्रमुख चालक होगी।' इसी तरह से केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जानकारी दी कि 2014 से पहले देश के ग्रामीण इलाकों में औसतन साढ़े 12 घंटे बिजली आपूर्ति दी जा रही थी जो अब वर्तमान में 22.6 घंटे तक हो गई है। इसी तरह से शहरी इलाकों में औसतन 23.4 घंटे बिजली दी जा रही है, जो इन11 वर्षों में पहले की तुलना में लगभग दोगुणा हो गई है। सीमावर्ती क्षेत्रों एवं ट्राइबल इलाकों में भी विशेष योजनाओं जैसे पी.एम. जगमग योजना, वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम के माध्यम से 10 लाख घरों में बिजली पहुंचाई जा रही है। मनोहर लाल ने कहा कि बिजली हर किसी के लिए हर समय उपलब्ध हो इस लक्ष्य पर काम किया जा रहा है। सौभाग्य योजना के तहत 2.86 करोड़ घरों में बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। दीन दयाल उपाध्याय ग्राम उत्थान योजना के तहत दूरदराज के 18,374 गांवों में बिजली पहुंचाई गई है।

पति ने पत्नी को निकाला घर से बाहर, देर रात घर आकर देखा तो उड़े होश

गोहाना । गोहाना के गांव राणा खेड़ी में एक व्यक्ति ने अपने ही घर पर फांसी लगाकर कर जीवन लीला समाप्त कर ली। आत्महत्या करने के पीछे पति पत्नी में चला आ रहा परिवारिक झगड़ा बताया जा रहा है। वहीं घटना की सुचना मिलते ही पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गोहाना के नागरिक हस्पताल में भेज दिया जहां पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया है। अस्पताल में शव लेने लिए आए परिजनों ने बताया कि गांव राणा खेड़ी का करीब 40 वर्षीय सोनू ट्रक ड्राइवर था। जो कि शराब पीकर अक्सर अपनी पत्नी के साथ कहासुनी करता था। जिस के चलते सोनू के दोनों बच्चे अपने नाना नानी के यहां रहकर पढ़ाई कर रहे थे। गुरुवार देर रात सोनू की किसी बात को लेकर अपनी पत्नी के साथ कहासुनी हो गई। मृतक ने पत्नी गीता को रात को घर से निकाल दिया। वह गांव के सरपंच पालेराम के पास जाकर घटना की जानकारी दी।

हरियाणा में अब गवाह बिना कोर्ट गए दे सकेंगे बयान, हरियाणा सरकार ने बनाया ये खास प्लान

चंडीगढ़ । हरियाणा सरकार ने राज्य में तीन नए आपराधिक कानूनों को लागू करने की दिशा में ठोस कदम उठाया है। राज्य में गवाहों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा साक्षी संरक्षण योजना-2025 शुरू की गई। गवाहों का आरोपियों से आमना-सामना नहीं होगा। गवाह बिना कोर्ट गए बयान दर्ज करा सकेंगे। गृह विभाग ने गुरुवार को इसकी अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश की होम सेक्रेटरी डॉ. सुमिता मिश्रा ने इसका नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। यह योजना मृत्यु या आजीवन कारावास, सात वर्ष या उससे अधिक के कारावास के मामलों पर लागू होगी। यह योजना उन अपराधों के गवाहों पर लागू होगी, जो मृत्यु या आजीवन कारावास या सात वर्ष या उससे अधिक के कारावास की सजा भुगत रहे हैं।

योजना के तहत धमकी की आशंका के आधार पर गवाहों को तीन श्रेणियों (कैटेगरी) में बांटा है। 'ए' कैटेगरी में उन मामलों को शामिल किया है, जहां जांच व परीक्षण के दौरान या इसके बाद गवाह या उनके परिवार के सदस्यों को खतरा हो।'बी' कैटेगरी में ये मामले आएंगे, जिनमें गवाह या उसके परिवार के सदस्यों के अलावा अन्य व्यक्तियों की सुरक्षा, प्रतिष्ठा या संपत्ति का खतरा हो। इसी तरह 'सी' कैटेगरी में वे मामले आएंगे, जिनमें धमकी मध्यम है। जांच या परीक्षण के दौरान या उसके बाद गवाह या उसके पारिवारिक सदस्यों का शोषण, उत्पीड़न, प्रतिष्ठा या संपत्ति प्रभावित होने का डर हो। नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि जांच या सुनवाई के दौरान गवाह और आरोपी आमने-सामने नहीं आएंगे।

नोटिफिकेशन में स्पष्ट किया गया है कि जांच या सुनवाई के दौरान गवाह और आरोपी आमने-सामने नहीं आएंगे। साक्षी संरक्षण योजना के तहत गवाहों के ईमेल व टेलीफोन कॉल की निगरानी करनी होगी। टेलीफोन नंबर से लोकेशन ट्रेस होने के खतरे के मद्देनजर गवाह का टेलीफोन नंबर बदलने या कोई अनलिस्टेड नंबर देने के लिए टेलीफोन कंपनियों के साथ टाईअप करने का काम भी सरकार का होगा। गवाह के साथ-साथ उसके परिवार के सदस्य और साक्षी के करीबी व्यक्तियों (जिन्हें खतरा हो) को घर और कार्यस्थल पर सुरक्षा उपकरण मुहैया करवाए जाएंगे। इनमें दरवाजे, सीसीटीवी,

अलार्म, बाड़ आदि लगाना शामिल है। जरूरत पड़ने पर गवाह को व्यक्ति सुरक्षा, अंगरक्षक और पीसीआर वैन की नियमित गश्त का प्रबंध करना होगा।

समाधान शिविर में आने वाली शिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा करें अधिकारी - उपायुक्त

पंचकूला, 22 फरवरी -(शशि किरण अरोड़ा) -- आज का मुद्दा--उपायुक्त मोनिका गुप्ता के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिलावासियों की समस्याओं को सुना गया और उनको प्राथमिकता के आधार पर समाधान के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी जिलावासियों से समाधान शिविर में आकर अपनी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करवाने की अपील की। उन्होंने बताया कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने जिले की जनता की समस्याओं के समाधान के लिए प्रत्येक कार्यदिवस को सुबह 10 से 12 बजे तक समाधान शिविर आयोजित करने का निर्णय लिया हैं। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर लोगों की समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए। लोगों की समस्याओं का समाधान करने में कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने बताया कि पंचकूला जिला में तीन स्थानों पर समाधान शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। शहरी लोगों की समस्याओं को नगर निगम के सेक्टर-4 स्थित कार्यालय में सुना जा रहा है। वहीं कालका विधानसभा के लोगों के लिए एसडीएम कार्यालय कालका में समाधान शिविर लगाया जा रहा है। इसके अलावा जिला स्तर पर लघु सचिवालय के सभागार में समाधान शिविर प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित हो रहा है। उपायुक्त ने बताया कि इन समाधान शिविरों में परिवार पहचान पत्र, प्रॉपर्टी आईडी, जमीन की रजिस्ट्री, शहरी निकाय विभाग से एनडीसी लेने, नक्शे की मंजूरी, पेंशन, राशन कार्ड एवं सार्वजनिक वितरण व्यवस्था, अपराध, बिजली-पानी संबंधी आदि शिकायतों का मौके पर ही निपटारा किया जा रहा है।

यूनाइटेड के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन भेजा गया

बांदा : आपको बता दें कि पूरा मामला जिला कलेक्ट्रेट परिसर कार्यालय बांदा से सामने आया है जहां पर जनता दल यूनाइटेड के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचे और जिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार को संबोधित ज्ञापन भेजा, और

बताया कि हमीरपुर जिले में पत्रकारों पर हो रहे लगातार हमलों की घटनाएं अत्यंत चिंताजनक हैं। हाल ही में बिंवार थाना क्षेत्र के उमरी गांव में पत्रकार के अपहरण व उसके साथ की गई निर्मम मारपीट की घटना ने प्रदेश में कानून व्यवस्था की स्थिति पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा कर दिया है। मामले के अनुसार, ग्राम प्रधान कपिल वर्मा ने अपने गुर्गों के साथ मिलकर संबंधित पत्रकार का अपहरण कर उसे गौशाला में बंधक बनाया और बेल्ट व डंडों से बेरहमी से पीटा। इस जघन्य अपराध के बावजूद पुलिस द्वारा न तो पीड़ित का मेडिकल कराया गया और न ही एफआईआर दर्ज की गई। यह स्थिति न्याय व्यवस्था की निष्क्रियता को दशार्ती है। यह कोई अकेली घटना नहीं हैय बीते एक वर्ष में हमीरपुर जिले में यह दूसरी बड़ी घटना है, और संपूर्ण बुंदेलखंड क्षेत्र में पत्रकारों के ऊपर जानलेवा हमले और झूठे मुकदमों का दर्ज होना एक आम प्रवृत्ति बनती जा रही है। ऐसे में यह आवश्यक है कि सरकार इस गंभीर विषय पर संज्ञान ले और दोषियों के खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित करे। ग्राम प्रधान कपिल वर्मा और उसके सहयोगियों पर तत्काल प्रभाव से कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। पीड़ित पत्रकार का शीघ्रता से मेडिकल परीक्षण कराया जाए और निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर सख्त धाराओं में एफआईआर दर्ज की जाए। हमीरपुर जिले सहित संपूर्ण बुंदेलखंड में पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु विशेष कार्ययोजना बनाई जाए। यदि इस मामले में शीघ्र आवश्यक कार्रवाई नहीं की गई तो हम मजबूर होकर आयुक्त कार्यालय, बांदा एवं पुलिस उप महानिरीक्षक कार्यालय में उग्र धरना-प्रदर्शन करने के लिए बाध्य होंगे शालिनी सिंह पटेल प्रदेश अध्यक्ष जनता दल यूनाइटेड महिला प्रकोष्ठ यूपी, दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू जिला अध्यक्ष बांदा श्रीराम प्रजापति, जिला महासचिव दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू बांदा बिहारी लाल, पूनम देवी तहसील अध्यक्ष दिव्यांग प्रकोष्ठ जदयू बांदा, शमशेर सिंह, प्रमोद, भोला चुन्नीलाल,महेश मोहन निषाद ,सोनू वर्मा आदि लोग उपस्थित थे

गायत्री विद्यापीठ पी0 जी0 कालेज में चल रहे खेल प्रतियोगिता में 12 सौ मीटर की दौड़ में देवानंद प्रथम

ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा रिसिया के गायत्री विद्यापीठ पी0 जी0 कालेज में आयोजित चार दिवसीये वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के तीसरे दिन महाविद्यालय के छात्र छात्राओं ने 1200 मी0 दौड़, रिले रेस, फुटबॉल, बालीबाल प्रतियोगिता में भाग लिया जिसमें 1200 मी0 दौड़ में देवानंद प्रथम, विजय कुमार द्वितीय, रवि शंकर वर्मा, तृतीये तथा फुटबॉल एवं बाली बाल में वाणिज्य एवं विज्ञान संकाय की संयुक्त टीम विजयी रही है। इसके अतिरिक्त रिले रेस बालक वर्ग में देवानंद एवं शूभोधन चौहान, वाणिज्य संकाय के छात्र विजयी रहें हैं। बालिका विजई हुई है क्रीड़ा अधीक्षक डॉ मुकेश चन्द्र श्रीवास्तव ने विजई छात्रों को बधाई दिया है। साथ ही खेल प्रतियोगिता में सहयोग करने वाले अध्यापकों एवं कर्मचारियों के प्रति अपना आभार प्रकट किया है इस अवसर पर डॉ सुभाष चन्द्र, प्रो0 डी आर यादव, डॉ राम जन्म, डॉ आशुतोष त्रिपाठी, शिवम टण्डन, उमेश कुमार वर्मा, डेविड पाण्डे, नन्दन श्रीवास्तव, धर्मेंद्र श्रीवास्तव, रवेन्द्र श्रीवास्तव रिकेश्वर प्रसाद विश्वकर्मा, आशीष श्रीवास्तव, परशुराम, वीरेंद्र कुमार, बरसाती लाल, कृपा राम, समेत छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में दो बाइक आमने सामने भिड़ी,4 घायल

ब्यूरो रिपोर्ट दिलशाद अहमद आज का मुद्दा-थाना रिसिया के ग्लोबल स्कूल आफ लार्निग के निकट सड़क पर एक ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में दो बाइक आपस में भिड़ गई,इस भिडंत से 4 लोग घायल हो गए है। जिनको निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।उनका इलाज चल रहा है थाना रिसिया के जाटेसर तिराहे से रिसिया , इटकौरी मार्ग पर सुबह साढ़े दस बजे ग्लोबल स्कूल के निकट बहराइच जा रहे एक ई रिक्शा को बचाने के चक्कर में दो बाइक आपस में भिड़ गई,इस भिडंत में थाना रिसिया क्षेत्र के निबिया हुसैन पुर निवासी हसीमुद्दीन पुत्र सलीमुद्दीन वर्ष16, तेलिया गांव के हमजा पुत्र नफीस घायल हुए,वही दूसरी बाइक के सवार थाना दरगाह के देवरा बाग निवासी नसीम पुत्र सलीम वर्ष 28,सलीम पुत्र हकीमवर्ष 55 को भी चोटे आई है। इन सभी को रिसिया चौकी के प्रभारी बिहारी सिंह यादव बड़ी तत्परता के साथ समय से इलाज केलिए स्वयं घायलो को उठाकर वाहनों के जरिए निजी अस्पताल को भेजा है।जिसकी सराहना भी हो रही है।

दलित की बारात में दबंगों की गुंडागर्दी, डीजे, लाइट और बैंड बंद कराया

आज का मुददा बुलंदशहर (त्रिलोक चन्द) : भले ही सोसायटी छूआछूत और जाति का भेदभाव खत्म होने का दावा करती हो, मगर यह सच नहीं है। यूपी के बुलंदशहर में दबंगों ने दलित की बारात की घुड़चढ़ी में हंगामा करते हुए मारपीट की। आरोपियों ने बारात की घुड़चढ़ी की रस्म रोकने के लिए डीजे, लाइट और बैंड बंद करा दिए। लाठी डंडों से बारातियों पर हमला किया जिसमें 6 महिला व पुरुष घायल हो गये।

बुलंदशहर ज़िले के धमरावली गांव में दबंगों ने गुरुवार रात दलित की बारात की घुड़चढ़ी को रोक दिया। आरोप है कि आरोपी दबंगों ने बरात निकालने के दौरान डीजे, लाइट और बैंड को बंद करा दिया। दबंगों ने लाठी डंडों के साथ बारातियो के साथ मारपीट की जिसमें महिला पुरुष सहित 6 लोग घायल हो गए। साथ ही जातिसूचक टिप्पणी करते हुए धमकी दी कि यह ठाकुरों का गांव है यहां जाति विशेष की बारात नहीं चढ़ती है। पुलिस ने लड़की के पिता ने तहरीर दी। एसपी सिटी शंकर प्रसाद, सीओ सदर ऋजुल ने बताया कि तहरीर के आधार आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। गुरुवार देर रात पुलिस की निगरानी में बारात की घुड़चढ़ी करायी गयी। बुलंदशहर के देहात थाना क्षेत्र के धमरावली गांव में दलित बिरादरी की बरात की घुड़चढ़ी के दौरान काफी हंगामा हुआ। पीड़ित सुरेन्द्र सिंह ने थाना देहात में प्रार्थना पत्र में बताया है कि 20 फरवरी को उनके बेटे की शादी थी। पीड़ित के पुत्र अरूण भारती की बारात की गाँव में निकासी (घुडचढी) हो रही थी। जैसे ही घुडचढी ग्राम प्रधान पति कृपाल सिंह उर्फ छुट्टन के घर के सामने पहुँची तो दबंगो ने घुड़चढ़ी रोक दी। गजेसिंह पुत्र पदम सिंह व प्रधान पति के घर से ठाकुर जाति के योगेन्द्र पुत्र दानवीर, शीलेन्द्र पुत्र मुख्तयार, निशान्त

पुत्र गुड्डन, अमन पुत्र राजेश, विकास पुत्र विजयपाल, रमण पुत्र प्रमोद, संदीप पुत्र रविन्द्र, मनीष पुत्र ओमपाल, यश पुत्र पिंटू, सुशील पुत्र राकेश, सचिन व विकास पुत्रगण शैली, तनिश पुत्र ओमपाल, दीपक पुत्र यशपाल, कृपाल सिंह पुत्र अटल सिंह, धर्मेन्द्र पुत्र मुख्तयार, नैतिक पुत्र पप्पू, मोहित पुत्र नरेश, प्रदीप पुत्र विजयपाल, विकास व राजकुमार पुत्र पप्पू, सोरव पुत्र नामालूम, अभय पुत्र नामालूम, रविन्द्र भाटी पुत्र प्रेमपाल, प्रदीप पुत्र रविन्द्र ओर आठ दस अज्ञात लोगो ने अचानक पीड़ित सुरेन्द्र सिंह के बेटे अरुण भारती की घुडचढी में मौजूद लोगो पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपियों ने धमकाते हुए कहा कि यह ठाकुरों का गांव है यहां जाति विशेष की बारात नहीं चढ़ती है। दबंग ठाकुरों के हमले से रोहित, बिक्कू, सीमा, अंकित, मनीष, धनेश गौर के शरीर व सिर में गम्भीर चोटे आयी है। दबंगों की इस हरकत से गावँ में तनाव बढ़ गया।

पीड़ित परिवार के साथ सैकड़ो लोगों ने देर रात तक थाने पर किया प्रदर्शन

दलितों की बारात की घुड़चड़ी रोके जाने की जानकारी के बाद पीड़ित सुरेंद्र के साथ सैकड़ो दलितो ने आरोपियों की गिरफ्तारी व कार्रवाई को लेकर कोतवाली देहात पहुंचे और देर रात तक सैकड़ो की संख्या में लोगों ने कोतवाली के बाहर प्रदर्शन किया। पुलिस के आरोपियों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन देने के बाद दलितों ने अपना प्रदर्शन समाप्त किया।

पीड़ित ने पुलिस को पहले ही दिया था प्रार्थना पत्र

पीड़ित सुरेन्द्र सिंह ने आरोप लगते हुए बताया कि दबंग ठाकुरों ने इससे पहले भी 16 तारीख को भी भगवत सिंह पुत्र कन्छी सिंह के पुत्र घुड़चढ़ी रोक दी थी, पूर्व में हुई घुड़चढ़ी के दौरान भी मारपीट की थी। जिसको देखते हुए पीड़ित ने 20 तारीख की सुबह ही कोतवाली देहात में प्रार्थना पत्र दिया था। पीड़ित का आरोप है कि अगर पुलिस सख्त कार्रवाई करती तो हमारी बारात के साथ इस तरह की घटना नहीं होती।

क्या कहा रहे अधिकारी

इस मामले में एसपी सिटी शंकर प्रसाद, व सीओ सिटी ऋजुल ने बताया कि पुलिस को सूचना प्राप्त हुई थी कि देहात थाना क्षेत्र के धमरावली गांव में कुछ लोग दलित की बारात की घुड़चढ़ी नही होने दे रहे हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने अपनी मौजूदगी में सकुशल बारात की घुड़चढ़ी करवाई है। वादी पक्ष से तहरीर लेकर मुकदमा पंजीकृत करा दिया गया है, कानूनी कार्रवाई जारी है।

एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 का विरोध

बार एसोसिएशन ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन, कहा- काला कानून पास हुआ तो होगा आंदोलन

पोषित कुमार(आज का मुद्दा)

अनूपशहर: अनूपशहर बार एसोसिएशन ने एडवोकेट एक्ट संशोधन बिल 2025 के विरोध में राष्ट्रपति को ज्ञापन भेजा है। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष कमलचंद बंसल और सचिव दीपेंद्र राघव सहित आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि यह बिल संविधान की आत्मा के खिलाफ है।उन्होंने कहा कि अधिवक्ताओं का देश की आजादी में महत्वपूर्ण योगदान रहा है। संविधान हमें अपनी बात कहने और जुल्म के खिलाफ आवाज उठाने का अधिकार देता है। लेकिन सरकार इस बिल के जरिए वकीलों की आवाज को दबाना चाहती है।बार एसोसिएशन ने अपने ज्ञापन में कहा कि संसद और विधानसभाओं में भी आंदोलन होते हैं। इन सभाओं पर करोड़ों रुपये खर्च होते हैं। फिर भी कार्यवाही नहीं होती। कानून निमार्ता खुद की गलतियों पर ध्यान नहीं देते।वकीलों ने चेतावनी दी है कि अगर यह काला कानून पास हुआ तो पूरे देश के अधिवक्ता आंदोलन करने को मजबूर होंगे। उन्होंने राष्ट्रपति से आग्रह किया है कि वे सरकार को इस बिल को पास न करने का निर्देश दें। यह बिल संविधान के प्रजातांत्रिक ढांचे के लिए खतरा है।इस दौरान ज्ञापन देने वालों में एल्डर कमेटी अध्यक्ष राधेश्याम शर्मा, अशोक दत्त शर्मा, जावेद अख्तर, साबुद्दीन, डॉ प्रभांशु बंसल, दीपू गोयल, सुरेंद्र भारती, श्री चंद्र शर्मा, दीपक वाल्मीकि, कमलेश श्रीवास्तव सहित सैकड़ो अधिवक्ता उपस्थित रहे।

आंगनवाड़ी कर्मचारियों का ऑनलाइन काम के खिलाफ विरोध

पोषित कुमार(आज का मुद्दा)

अनूपशहर: अनूपशहर ब्लॉक में ऑल इंडिया आंगनवाड़ी अप्लाई फेडरेशन ने ऑनलाइन काम के विरोध में धरना प्रदर्शन किया। संगठन की राष्ट्रीय सचिव कुसुम गौतम की अध्यक्षता और सावित्री चौधरी के नेतृत्व में यह आयोजन हुआ।कर्मचारियों को डिजिटल हाजिरी, ऑनलाइन कार्य और फेस आईडी से लाभार्थियों को राशन देने में कई समस्याएं आ रही हैं। नेटवर्क, डाटा, प्रशिक्षण की कमी और खराब मोबाइल फोन प्रमुख मुद्दे हैं।सीडीपीओ द्वारा ऑनलाइन काम न करने पर मानदेय काटने और पीएलआई न बनाने की धमकी दी गई है। इसके जवाब में आंगनवाड़ी कर्मचारियों ने लिखित में मांग की है कि पहले उन्हें अच्छी क्वालिटी के मोबाइल, डाटा और प्रशिक्षण दिया जाए।कर्मचारियों ने अपने एम-पिन भी बदल दिए हैं। उनका आरोप है कि कुछ ब्लॉक स्तर के अधिकारी उनसे पैसे लेकर काम करते हैं और झूठी प्रगति दिखाते हैं।सावित्री चौधरी ने केंद्र और राज्य दोनों के बजट में आंगनवाड़ी कर्मचारियों की उपेक्षा पर निराशा जताई। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार महिला विरोधी है।संगठन ने 31 मार्च तक सुविधाएं मुहैया न कराए जाने पर 1 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल की चेतावनी दी है। कर्मचारियों का कहना है कि वे ऑफलाइन काम पहले की तरह जारी रखेंगे और कोई भी सेंटर पर आकर इसकी जांच कर सकता है।इस दौरान अंजू, सीमा, पुष्पा, सुमन साधना, ममता, मंजू, उर्मिला, शहनाज आदि उपस्थित रही।

श्रीहित हरिवंश प्रचार मण्डल ट्रस्ट पूर्ण समर्पण भाव से कर रहा है बीमार, जरूरतमंद और असहाय ब्रजवासियों की नि:स्वार्थ सेवा

(डॉ. गोपाल चतुर्वेदी) वृन्दावन। श्रीराधा वल्लभ मन्दिर परिसर में श्रीहित हरिवंश प्रचार मण्डल ट्रस्ट के द्वारा श्रीराधा वल्लभ संप्रदायाचार्य राधेश लाल गोस्वामी महाराज, मन्दिर के तिलकायत अधिकारी श्रीहित मोहित मराल गोस्वामी व युवराज श्रीहित शोभित लाल गोस्वामी के नेतृत्व में पिछले 07 महीनों से प्रतिदिन प्रातः 10 से 12 बजे तक निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है।जिसके अंतर्गत अब तक 2200 से भी अधिक मरीजों को चिकित्सा सेवा उपलब्ध कराई जा चुकी है।

जानकारी देते हुए समन्वयक गौरव चतुर्वेदी ने बताया है कि हमारे ट्रस्ट का मुख्य उद्देश्य है - "सबसो हित....।"इस सिद्धांत को आत्मसात कर समाज के प्रत्येक जरूरतमंद व वंचित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है। ट्रस्ट का मानना है कि बीमार, जरूरतमंद और असहाय ब्रजवासियों की निःस्वार्थ सेवा ही भगवान की सच्ची सेवा है। उन्होंने बताया कि हमारे ट्रस्ट के तत्वावधान में विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा परामर्श एवं निदान, स्त्री रोग विशेषज्ञ से विशेष परामर्श, निःशुल्क आवश्यक दवाएं, बीपी और शुगर जांच की निःशुल्क सुविधा, निःशुल्क ड्रेसिंग एवं प्राथमिक उपचार, नेत्र परीक्षण एवं दृष्टि सुधार हेतु निःशुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर, न्यूरोथेरेपी से जुड़ी सेवाएं एवं परामर्श आदि सेवाएं निस्वार्थ भाव से की जा रही हैं। इसके अलावा प्रत्येक शनिवार को विशेष न्यूरोथेरेपी सिविर आयोजित किया जाता है। जिसमें कई गंभीर बीमारियों का निःशुल्क उपचार किया जा रहा है। जिसके माध्यम से अब तक सर्वाइकल पेन, माइग्रेन, स्लिप डिस्क एवं अन्य गंभीर न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से पीड़ित मरीजों को राहत प्रदान की गई है। यह सेवा उन मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है, जिनकी तकलीफ वर्षों से बनी हुई थी। समन्वयक गौरव चतुर्वेदी ने बताया है कि श्रीहित हरिवंश प्रचार मण्डल ट्रस्ट के द्वारा आयोजित निःशुल्क चिकित्सा शिविर में हमें डॉ. मृणाल किंकर, डॉ. स्नेह प्रभा किंकर, डॉ. शिल्पा गुप्ता व डॉ. श्रॉफ आई केयर इंस्टीट्यूट, वृन्दावन आदि का अत्यधिक सहयोग प्राप्त हो रहा है।जिसके लिए हम इन सभी के अत्यधिक आभारी हैं।

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना में आवेदन करें जिलावासी : मोनिका गुप्ता

पंचकूला, 22 फरवरी -(शशि किरण अरोड़ा) -- आज का मुद्दा--उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने भारत सरकार ने फरवरी 2024 से प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना (पीएमएसजी एमबीवाई) को शुरू किया हुआ है। योजना के तहत केंद्र सरकार और राज्य सरकार द्वारा केंद्रीय वित्तीय सहायता (सीएफए) और राज्य वित्तीय सहायता (एसएफए) प्रधान की जा रही है। उन्होंने बताया कि सौर ऊर्जा बिजली बिल को कम करती है। सरकारी प्रोत्साहन सरकार द्वारा दी गई वित्तीय सहायता स्थापना लागत की भरपाई करती है। सौर ऊर्जा एक नवीकरणीय ऊर्जा स्रोत है और यह वायु एवं जल प्रदूषण से मुक्त है। उपायुक्त ने बताया कि आवासीय परिवारों को रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा दो किलोवाट तक आनुपातिक आधार पर 30,000 रुपये प्रति किलोवाट और तीन किलोवाट तक की अतिरिक्त क्षमता के लिए आनुपातिक आधार पर 18,000 रुपये प्रति

किलोवाट अधिकतम 78 हजार रुपए की सबसिडी उपलब्ध करवाई जा रही है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार एक लाख अंत्योदय परिवारों को पहले आओ पहले पाओ के आधार पर अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करेगी। 1.80 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले पारिवारों के उपभोक्ताओं को दो किलोवाट तक 25,000 रुपये प्रति किलोवाट और 1.80 लाख रुपये से लेकर 300 लाख रुपये तक की वार्षिक आय वाले पारिवारिक के उपभोक्ताओं को दो किलोवाट तक आनुपातिक आधार पर 10,000 रुपये प्रति किलोवाट राज्य वित्तीय सहायता के रूप में देंगी। उपायुक्त ने बताया कि आवेदक के पास दो किलोवाट या उसके बराबर स्वीकृत भार (एसएल) के साथ घरेलू आपूर्ति (डीएस) कनेक्शन होना चाहिए। आवेदक की वार्षिक पारिवारिक आय परिवार पहचान पत्र (पीपीपी) के अनुसार श्रेणी के तहत होनी चाहिए। उपभोक्ता की औसत खपत वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान 200 यूनिट/माह या वित्त वर्ष 2023-24 में 2400 यूनिट प्रतिवर्ष तक होगी। उन्होंने जिलावासियों से अपील की कि वो इस योजना में आवेदन कर लाभ उठाएं।

रामाज्ञा स्कूल दादरी में हुआ हमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम का आयोजन

नोएडा। खंड शिक्षा अधिकारी दादरी की अध्यक्षता में दादरी ब्लॉक का ह्यहमारा आंगन हमारे बच्चे कार्यक्रम रामाज्ञा स्कूल दादरी में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में वरिष्ठ प्रवक्ता डाइट कमल सिंह व विशिष्ट अतिथि के रुप में डायट प्रवक्ता अर्चना पांडे उपस्थित रहे।कार्यक्रम में लगभग 250 आंगनबाड़ी कार्यकत्री व नोडल शिक्षक, दादरी ब्लॉक के समस्त एआरपी, कार्यालय सहयोगी व एसआरजी उपस्थित रहे।कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथि के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के माध्यम से किया गया।इसके पश्चात धूम मानिकपुर विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक सरस्वती वंदना प्रस्तुत की।राज्य स्तर से प्राप्त दिशा-निदेर्शों के क्रम में पूर्व निर्धारित समस्त बिंदुओं के अनुसार खण्ड शिक्षा अधिकारी दादरी के द्वारा गोष्ठी के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण किया गया। उसके पश्चात क्रमश निपुण भारत एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के परिप्रेक्ष्य में पूर्व प्राथमिक शिक्षा एवं बुनियादी शिक्षा के उद्देश्यों का प्रस्तुतीकरण एसआरजी रश्मि त्रिपाठी ने स्कूल रेडीनैस एवं पूर्व प्राथमिक शिक्षा हेतु वर्ष 2024-25 में किए गए कार्यक्रमों का प्रस्तुतीकरण एआरपी श्रीमती नेहा कुशवाहा ने,

स्टेशनरी एवं चार लर्निंग कॉर्नर एआरपी मृदुला वशिष्ठ ने आदर्श बालवाटिका कक्षा-कक्ष का प्रस्तुतीकरण,समुदाय एवं अभिभावकों की पूर्व प्राथमिक शिक्षा में भूमिका व आंगनबाड़ी केंद्र एवं प्राथमिक विद्यालयों में बुनियादी साक्षरता के अंतर्गत बच्चों को दी जा रही सुविधाएं विषय पर शौकत अली ने व माता उन्मुखीकरण कार्यक्रम के संबंध में एआरपी वंदना सिंह ने अपना प्रस्तुतीकरण दिया।वंडर बॉक्स के अंतर्गत प्राप्त समस्त सामग्री का प्रस्तुतीकरण एआरपी सुमनलता ने दिया इसके अंतर्गत उन्होंने यह भी बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकत्री इसका उपयोग छात्रों की किन दक्षताओं को प्राप्त करने के लिए

कर सकती हैं।इन सभी प्रस्तुतीकरण के बीच में बाल वाटिका व कक्षा 1 के प्रतिभाशाली छात्रों ने कविता, कहानी,गीत व नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित जन समूह का मन मोह लिया। इन कार्यक्रमों को तैयार कराने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों का विशेष उत्साह अपने छात्रों के प्रस्तुतीकरण के बीच में देखने को मिला।कार्यक्रम के अंत में दादरी ब्लॉक के समस्त 11 न्याय पंचायत से चयनित किए गए बाल वाटिका के तीन-तीन और कक्षा 1व 2 से एक-एक छात्र (कुल 55 छात्र) को सम्मानित किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालयों के छात्रों के द्वारा विभिन्न विषयों पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई जिनमें चिटैहरा विद्यालय के छात्रों द्वारा डोगरी भाषा में लोकगीत, धूम मानिकपुर विद्यालय के छात्रों द्वारा गुजराती भाषा में लोक नृत्य इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहा।कार्यक्रम के अंत में उपस्थित आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों,नोडल अध्यापकों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि हमें बच्चों में बचपन से ही ऐसे संस्कार देने चाहिए जिससे वे अपने देश को उन्नति के पथ पर अग्रसर करें। हमारे बच्चे अपने देश के लिए जीना सीखें। डाइट प्रवक्ता अर्चना पांडे ने अपने संबोधन में कहा कि छात्रों के अंदर बहुत आत्मविश्वास दिखा शिक्षक बच्चों को लगातार प्रोत्साहित करते रहें। सभी उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए जिला समन्वयक प्रशिक्षण राकेश कुमार ने कहा कि समस्त आंगनबाड़ियों को समय-समय पर विभिन्न प्रकार के प्रशिक्षण के माध्यम से जो जानकारी दी जाती है, वह उन्हें और अधिक जागरूक बनाएगी। कार्यक्रम के अंत में खंड शिक्षा अधिकारी दादरी ने सभी को स्मृति स्वरूप पौधा भेंट किया व रामाज्ञा स्कूल की प्रधानाचार्य समेत सभी उपस्थित जनों को धन्यवाद ज्ञापित किया।कार्यक्रम का संचालन एसआरजी रश्मि त्रिपाठी ने किया।

ग्राम दुजाना में भव्य बम्प वादन प्रतियोगिता संपन्न, वरिष्ठ नागरिकों और संस्थाओं का हुआ सम्मान

आज का मुद्दा–गौतमबुद्धनगर : ग्राम दुजाना निवासी ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट ने बताया कि ग्राम दुजाना गौतम बुद्ध नगर के एनटीपीसी खंड के ग्राम दुजाना में दुजाना निवासियों द्वारा इस वर्ष ग्राम गौरव उत्सव और बम्प वादन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें गांव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस ऐतिहासिक आयोजन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (फरर) के प्रांत प्रचारक श्रीमान अनिल जी और प्रांत ग्राम प्रमुख राजकुमार जी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव की संस्कृति, वीरता और समाज सेवा को बढ़ावा देना था, जिससे ग्रामीण जीवन और अधिक समृद्ध हो सके। इस आयोजन के दौरान गांव में वर्षों से सेवा और समाज कल्याण में योगदान देने वाले वरिष्ठ नागरिकों और विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को विशेष रूप

से सम्मानित किया गया। ये सम्मान उनके योगदान की सराहना और नए समाज सेवकों को प्रेरित करने के लिए प्रदान किए गए।

सम्मानित संस्थाएं और व्यक्तित्वः1. सैनिक रिटायर्ड एसोसिएशन झ गांव के भूतपूर्व सैनिकों की संस्था, जो समाज और युवा पीढ़ी को प्रेरित कर रही है।

2. 2. दादी सत्ती मंदिर समिति झ इस समिति ने गांव के धार्मिक और सामाजिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

3. निशुल्क ब्लड डोनेट कराने वाली संस्था झ जरूरतमंदों के लिए रक्तदान अभियान चलाकर समाज सेवा में योगदान दिया।

4. उम्मीद संस्था झ गरीब और जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराने के लिए सम्मानित किया गया।

5. संकल्प संस्था झ यह संस्था समाज सेवा से जुड़ी है और गांव में कई सामाजिक कार्य कर चुकी है।

6. ब्लॉक प्रमुख श्रीमती अप्रीत कौर झ गांव के तालाबों की सफाई और जल संरक्षण के लिए किए गए प्रयासों के लिए सम्मानित किया गया।

7. ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट झ माता दयावती की स्मृति में 3700 व्यक्तियों का निशुल्क नेत्र इलाज कराने के लिए सम्मानित।

8. तेजवीर सिंह झ सामाजिक कार्यों के लिए राष्ट्रपति पुरस्कार प्राप्त करने वाले गणमान्य व्यक्ति।

9. सुभाष शर्मा, किरण पाल महास्य और प्रकाश झ इन सभी को लोकगीत और सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए सम्मानित किया गया।

इन सभी गणमान्य व्यक्तियों को मूमेंटो और पगड़ी पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे गांव के लोगों में समाज सेवा और लोक संस्कृति को आगे बढ़ाने की प्रेरणा मिले। बम्प वादन प्रतियोगिता गांव के युवाओं और बुजुर्गों के लिए एक रोमांचक आयोजन रहा। इस प्रतियोगिता में युवाओं ने अपनी कला और परंपरागत संगीत वादन का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के विजेताओं को गुड़ की बेहली और मूमेंटो देकर सम्मानित किया गया, जिससे ग्रामीणों में प्रतियोगिता के प्रति उत्साह और बढ़ गया।

इस अवसर पर श्री ईलमचंद नागर ने गाव दुजाना के ऐतिहासिक और गौरवशाली अतीत पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह गांव अपनी परंपराओं, वीरता और सामाजिक समरसता के लिए हमेशा से जाना जाता रहा है। गांव के योद्धाओं और समाजसेवकों ने देश और समाज की सेवा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जिसकी विरासत को आगे बढ़ाने का संकल्प सभी ग्रामीणों ने लिया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान ब्रह्म सिंह नागर ने की, जबकि मंच संचालन की जिम्मेदारी मा. भूपेंद्र नागर ने संभाली। दोनों ही गांव के सम्मानित व्यक्तित्व हैं और सामाजिक कार्यों में सक्रिय योगदान देते हैं।

गांव के इस भव्य कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित व्यक्तित्वों ने भाग लिया, जिनमें शामिल थेः

मा. ब्रह्मा सिंह,गेला सिंह (केप्टेन),महाराज सिंह,दयानंद नागर,राजकुमार आर्य एडवोकेट,ओमवीर सिंह आर्य एडवोकेट,सुखबीर नागर एडवोकेट,सोमेन्द्र नागर (ब्लॉक प्रमुख पुत्र),अजीत नागर, संजीव नागर,डॉ. देवेंद्र सिंह आर्य,राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक प्रवीर,नोरंग जी, शुशील जी, राजकुमार भाटी,देवेश, शरदाराम नागर,निर्देश पहलवान, यशबीर भगत,मोनू भगत इन सभी गणमान्य व्यक्तियों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना योगदान दिया। इस आयोजन में पूरे ग्रामवासियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और इसे यादगार बना दिया। बम्प वादन प्रतियोगिता और सम्मान समारोह ने गांव के सामाजिक और सांस्कृतिक ताने-बाने को और मजबूत किया। इस आयोजन से गांव के युवाओं और बुजुर्गों को अपनी परंपराओं और समाज सेवा के प्रति जागरूक होने का संदेश मिला। ग्राम दुजाना में इस तरह के आयोजनों से गांव की संस्कृति, परंपरा और सामाजिक समरसता को बढ़ावा मिलता है और आने वाली पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़े रहने की प्रेरणा मिलती है।

100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत सलाम नमस्ते ने किया जागरुक

आज का मुद्दा-नोएडा। सेक्टर 62 स्थित आईएमएस नोएडा के सामुदायिक रेडियो सलाम नमस्ते ने 100 दिन के टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत मोरना गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। शुक्रवार को कार्यक्रम के दौरान स्थानीय लोगों को टीबी के प्रति जागरूकता बढ़ाने, इसके रोकथाम एवं इलाज को लेकर जानकारी मुहैया करायी गयी। वहीं रेडियो सलाम नमस्ते के माध्यम से आज लोगों को सेहतिया सिंह के कैरेक्टर से रूबरू कराया गया।सेहतिया सिंह के कैरेक्टर से रूबरू कराते हुए आईएमएस के वाइस प्रेसिडेंट चिराग गुप्ता ने कहा कि यह एक अनोखा कैरेक्टर है, जो स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां मनोरंजक तरीके से लोगों तक पहुंचाएगी। वहीं संस्थान के महानिदेशक प्रोफेसर (डॉ.) विकास धवन ने कहा कि रेडियो सलाम नमस्ते की यह पहल समाज

के हर वर्ग तक पहुंच बनाने और टीबी जैसी गंभीर बीमारी के प्रति जागरूकता फैलाने में अहम भूमिका निभा रही है।सलाम नमस्ते की स्टेशन हेड बर्षा छबारिया ने बताया कि सेहत सही लाभ कई अभियान के अन्तर्गत सेहतिया सिंह गौतमबुद्ध नगर के गांवों में जाकर लोगों को टीबी, फाइलेरिया एवं सेहत से जुड़ी अन्य जानकारियां देगी। उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत टीबी मुक्त नोएडा बनाना है। वहीं आज के कार्यक्रम के दौरान मोरना गांव में टीबी के लक्षण, बचाव एवं उपचार के बारे में जानकारी साझा की गई। स्मार्ट संस्था के सहयोग से संचालित इस कार्यक्रम को 6 दिसंबर से 15 मार्च तक टीबी की जागरूकता, टीबी चैंपियन की कहानियां एवं सरकार के द्वारा दी गई सुविधाओं की चर्चा की जा रही है। आज कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को टीबी मुक्त भारत की शपथ दिलाई गई और इस बीमारी के खिलाफ मिलकर लड़ने के लिए आह्वान किया।

पुलिस चौकी के पास कार सवार बैंक के डाटा मैनेजर की गोली मारकर हत्या

आज का मुद्दा-नोएडा। डी पार्क में शुक्रवार को कार सवार बैंक के डाटा मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। परिजनों ने मृतक की पत्नी, साले और ससुर पर हत्या का आरोप लगाते हुए ईकोटेक-तीन कोतवाली में केस दर्ज कराया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। घटना स्थल से 100 मीटर दूर ही डी पार्क पुलिस चौकी है।

गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी मंजीत मिश्रा (29) आर्यव्रत बैंक में डाटा मैनेजर थे। उन्होंने एक साल पहले घरवालों की मर्जी के खिलाफ दिल्ली की मेघा राठौर से प्रेम विवाह किया था। तब से उनके और ससुराल पक्ष के लोगों में तनाव चल रहा था। वर्तमान में पत्नी मायके में रह रही है। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे वह ग्रेनो के डी पार्क स्थित डाटा सेंटर के पास पहुंचे तो बदमाशों ने उन्हें गोली मारदी। लोगों ने इसकी सूचना डायल-112 के साथ ईकोटेक-तीन कोतवाली पुलिस को दी। घटना स्थल से 100 मीटर दूर डी पार्क चौकी से पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। घायल को न्यूमेड अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पास से मिले दस्तावेजों के आधार पर परिजन को सूचित किया। परिजनों ने ससुराल वालों पर हत्या के आरोप लगाए हैं। पत्नी और साले के खिलाफ तहरीर दी है।

अंतरजातीय विवाह किया था परिजन ने बताया कि मंजीत ने दूसरी बिरादरी की युवती से प्रेम विवाह किया था। तब साले और ससुर ने उनकी हत्या की धमकी दी थी। मामले में इंदिरापुरम कोतवाली में दोनों पक्षों में वार्ता भी हुई थी। परिजन ने मंजीत के ससुर और साले पर हत्या का आरोप लगाया है। ससुराल वालों ने मंजीत के खिलाफ घरेलू हिंसा का आरोप लगाते हुए कोतवाली में शिकायत की है। पुलिस इस बात की भी जांच कर रही है कि युवक और युवती कब और कैसे संपर्क में आए थे। परिजन ने पुलिस को सिर्फ इतना बताया है कि युवक और युवती करीब आठ साल पहले संपर्क में आए थे। मंजीत क्षेत्र के क्लाइंट और बैंक के क्लाइंट का डाटा ग्रेटर नोएडा के स्टोर में जमा कराने हर शुक्रवार को जाते थे। पुलिस को शक है कि रेकी के बाद वारदात की गई है। गिरफ्तारी के लिए दो पुलिस टीमें गठित की गई हैं।

घटना स्थल के पास सीसीटीवी नहीं होने से जांच में परेशानी

घटना स्थल के पास सीसीटीवी कैमरा नहीं लगा होने के कारण पुलिस को जांच में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पुलिस की ओर से पोस्टमॉर्टम से पहले तक मंजीत की धारदार हत्या से हत्या की बात कही जा रही थी। घटनास्थल पर फॉरेंसिक टीम के साथ ही डीसीपी, एडीसीपी, एसीपी स्तर के अधिकारियों ने निरीक्षण किया। मौके से कोई कारतूस बरामद नहीं हुआ है। पुलिस जांच के लिए सर्विलांस की मदद ले रही है और सभी पहलुओं पर जांच कर रही है।

शहीद भगत सिंह समाज सेवा अवार्ड का 23 मार्च को होगा आयोजन : इंद्रजीत सिंह

आज का मुद्दा-बागपत। विपुल जैन। शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी की एक मीटिंग अशोक नगर नियर तिलक नगर में बुलाई गई, जिसमें सभी कार्यकर्ता व पदाधिकारी शहीद भगत सिंह, शहीद राजगुरू व शहीद सुखदेव का शहादत दिवस 23 मार्च को मनाने के लिए इकट्ठे हुए। इस अवसर पर बोलते हुए शहीद भगत सिंह सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह अस्त ने कहा कि

यह दिन एक यादगार दिन है। इस दिन सरकार को छुट्टी की घोषणा करनी चाहिए, ताकि इस दिन का महत्व और बढ़ जाये। इंद्रजीत सिंह अस्त ने बताया कि यह कार्यक्रम कटयाल मंदिर नियर अशोक नगर नियर पुलिस स्टेशन तिलक नगर में 23 मार्च को सुबह 10 बजे से शुरू होगा। इसमें दिल्ली सरकार के मंत्री, निगम पार्षद, समाजसेवी, पुलिस कर्मी, भारतीय सेना के जवान, समाजसेवी एवं एनजीओ के प्रेसिडेंट व दिल्ली सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्य एवं मंदिर, मस्जिदों के प्रधान भी शामिल होंगे। यह कार्यक्रम राष्ट्रीय एकता से भरपूर होगा। इस कार्यक्रम में स्कूली बच्चे सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करेंगे। इस अवसर पर सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने विचार रखे एवं सुझाव दिए। इस अवसर पर संरक्षक प्रवीण अरोड़ा बिल्ला, अमरजीत सिंह बब्बू, हरविंदर सिंह सोखी, राजदेव सिंह खुरमी, हरजीत कौर, पूजा शर्मा, परमजीत सिंह मरवा, गुरदीप सिंह बंटी, मीनाक्षी कौर, राजेंद्र सिंह, बबली शर्मा, ललिता जाजोरिया, विनीत शिखर, कवलजीत सिंह, नवदीप सिंह, जोगिंदर सिंह सभरवाल, रेखा कुर्मी, उमा के अलावा कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

विधायक ने मुख्यमंत्री से भेंट कर मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य की मांग

आज का मुद्दा

(आशीष कुमार) बुलंदशहर : स्याना क्षेत्रीय विधायक देवेंद्र सिंह लोधी ने लखनऊ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम के निर्माण कार्य सहित अन्य विकास कार्यों की मांग की है। विधायक ने फोन पर बताया कि गुरुवार की देर शाम उन्होंने लखनऊ में मुख्यमंत्री आवास पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट कर विधानसभा क्षेत्र में मिनी स्टेडियम, एक हजार गायों के लिए स्थाई गौशाला, 80 से 100 बेड का मल्टी स्पेशलिस्ट हास्पिटल, मेडिकल कालेज व यूनिवर्सिटी आदि निर्माण कार्यों की मांग की है। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने जल्द ही विधानसभा क्षेत्र के समस्त विकास कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया है। दौरान चरन सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता भी मौजूद रहे।

डॉ महेश शर्मा ने एक्सक्लूसिव लैब-ग्रोन डायमंड और पोल्की ज्वैलरी शोरूम का किया भव्य उद्घाटन

आज का मुद्दा-नोएडा। इवाना ज्वेलर्स (सूरत) सेक्टर 18 नोएडा में तीन दिवसीय एक्सक्लूसिव लैब-ग्रोन डायमंड और पोल्की ज्वैलरी शोरूम का भव्य उद्घाटन पूर्व केंद्रीय मंत्री व सांसद डॉ महेश शर्मा ने किया। इस मौके पर सीए विपिन साहनी (संस्थापक, मयूर स्कूल), सुशील जिंदल व किरण जिंदल (सूरत), रहमान इलाही (एमडी, यूनाइटेड प्रेशर कुकर एवं संस्थापक मयूर स्कूल) सीए प्रदीप गोयल, शिल्पी गोयल, योगित जिंदल व आयुषी जिंदल सहित नोएडा शहर कर तमाम अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जबकि श्रीमती सावित्री जिंदल (चेयरपर्सन एमरिटस ओपी जिंदल ग्रुप) 23 फरवरी को मुख्य अतिथि के रूप में कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगी।

इस मौके पर मुख्य अतिथि व उद्घाटन कर्ता सांसद डॉ महेश शर्मा ने इवाना ज्वेलर्स के बारे में कहा कि इवाना ज्वेल्स (सूरत), लैब-ग्रोन डायमंड और पोल्की ज्वैलरी का नोएडा में विस्तार हुआ है और यह आभूषण प्रेमियों के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा उन्होंने इस अवसर पर अपनी शुभकामनाएं भी दी। अपने उद्बोधन में सीए प्रदीप गोयल ने बताया की नैतिक और टिकाऊ आभूषणों की बढ़ती मांग के साथ, इवाना ज्वेल्स का लक्ष्य उच्च गुणवत्ता वाले, पर्यावरण के अनुकूल और उत्तम प्रयोगशाला में उगाए गए हीरे और पारंपरिक पोल्की आभूषण प्रदान करना है। शोरूम आधुनिक खरीदारों के लिए डिजाइन किए गए एक विशेष संग्रह की पेशकश करेगा जो विलासिता और स्थिरता दोनों चाहते हैं। उन्होंने बताया, नोएडा एक लक्जरी रिटेल हब के रूप में उभर रहा है, जो इसे इवाना ज्वेलर्स (सूरत) के विस्तार के लिए एकदम सही गंतव्य बनाता है। सेक्टर 18 में अपने रणनीतिक स्थान के साथ, यह शोरूम उच्च श्रेणी के ग्राहकों, दुल्हन के खरीदारों और समकालीन और विरासत डिजाइनों की तलाश करने वाले आभूषण प्रेमियों को पूरा करेगा।

बिना मान्यता के चल रहे स्कूल के खिलाफ कार्यवाही करने की उठी मांग बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ किये जाने का आरोप

आज का मुद्दा-ग्रेटर नोएडा। : कोतवाली जारचा के एनटीपीसी क्षेत्र में बिना मान्यता के चल रहे स्कूल के खिलाफ कार्यवाही की मांग पुलिस आयुक्त पोर्टल पर शिकायत कर कार्यवाही की मांग की है। देविंद्र खारी अधिवक्ता कनिष्ठ उपाध्यक्ष दीवानी एवं फौजदारी बार एसोसिएशन गौतमबुद्धनगर ने बताया कि एनटीपीसी चौकी क्षेत्र के ततारपुर चौराहे पर नर्सरी से कक्षा पांच तक एक निजी स्कूल संचालित किया जा रहा है स्कूल में पढने वाले छात्रों से मोटी फीस वसूली जा रही है मान्यता नही होने पर बच्चो के भविष्य से खिलवाड़ किया जा रहा बिना मान्यता के स्कूल चलाना कानूनी जुर्म है उन्होने जिलाधिकारी व पुलिस आयुक्त के पोर्टल पर शिकायत कर प्रकरण की जांच कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है जिससे बच्चो के भविष्य को बचाया जा सके। स्कूल प्रबंधन ने बताया कि स्कूल मान्यता के लिए विभाग उनकी फाईल प्रोसेसिंग में चल रही है जल्द मान्यता मिली जायेगी।

महाकुंभ से पवित्र गंगा जल गौतमबुद्धनगर जेल पहुंचा

आज का मुद्दा-नोएडा। गौतमबुद्ध नगर जिला कारागार में एक अनूठा दृश्य देखने को मिला। बंदियों ने महाकुंभ से लाए गए गंगाजल से स्नान किया। कार्यक्रम सुबह 8:30 बजे शुरू हुआ।कारागार परिसर में रह रहे परिवारों को भी संगम का पवित्र जल दिया गया। इसके लिए 500 बोतलें वितरित की गईं। जेल अधिकारियों ने त्रिवेणी संगम से पवित्र जल मंगवाया। 11 विद्वान पंडितों के साथ बंदियों ने ढोल-ताशे के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा सभी बैरकों में गई। बंदी पुष्पवर्षा कर कलश का स्पर्श कर आशीर्वाद ले रहे थे। इसके बाद जल कुंड में पवित्र जल मिलाया गया।जेल अधीक्षक बृजेश कुमार ने बताया कि सांस्कृतिक मान्यताओं के अनुसार अमृत की एक बूंद से पूरा जल पवित्र हो जाता है। साधु-संतों के स्पर्श से इसकी महिमा और बढ़ जाती है। बंदियों ने श्रद्धा से स्नान किया। हर-हर गंगे और महादेव की जयकार के साथ इस धार्मिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

जिलाधिकारी के निदेशों के क्रम एवं अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व की अध्यक्षता में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न

आज का मुद्दा

गौतम बुद्ध नगर : जिलाधिकारी गौतम बुद्ध नगर मनीष कुमार वर्मा के निदेशों के क्रम में एवं अपर जिलाधिकारी वित्त राजस्व अतुल कुमार की अध्यक्षता में आज कलेक्ट्रेट सभागार में जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति की महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बैठक में भूगर्भ जल अधिकारी अंकिता राय ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व को अवगत कराया कि विभागीय पोर्टल पर कुल 40 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनके सापेक्ष जिला भूगर्भ जल प्रबंधन समिति के द्वारा 18 आवेदनों को स्वीकृत किया जायेगा, 06 आवेदनों को अस्वीकृत किया गया तथा 03 आवेदन जो राज्य प्राधिकरणों को अग्रसारित

किया गया है तथा शेष 13 पर संबंधित प्राधिकरण से आख्या नही मिलने के कारण अनिर्णीत रहे।

अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व ने जनपद में भूजल का अधिकतम संरक्षण सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जनपद स्तरीय टास्क फोर्स को निर्देशित किया कि जनपद में अभी तक भूगर्भ जल प्रयोजन के लिए जारी हो चुके अनापत्ति प्रमाण पत्र के सापेक्ष औद्योगिक, इंफ्रास्ट्रक्चर, कमर्शियल तथा सामूहिक उपभोक्ताओं द्वारा भू जल संरक्षण एवं पुनर्भरण के लिए रूफटॉप रेनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम का परिसर में निर्माण, तालाबों का जीर्णोद्धार के लिए की जा रही गतिविधियों के संबंध में सभी से रिपोर्ट प्राप्त की जाए और यदि अनापत्ति प्रमाण प्राप्त करने के बावजूद उनके द्वारा वाटर रिचार्ज को लेकर यदि कोई गतिविधि नहीं की जा रही तो संबंधित का अनापत्ति प्रमाण पत्र निरस्त की जाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही रेजिडेंस सोसाइटी, अपार्टमेंट सरकारी भवनों, कार्यालय आदि में भी वाटर रिचार्ज स्ट्रक्चरों की स्थिति की गहन समीक्षा की जाए। साथ ही निर्देश दिए कि बरसात के मौसम सभी सरकारी कार्यालयों, भवनों व हाईराइज सोसाइटियों में लगे रेन वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम सक्रिय रहने चाहिए।

अपर जिलाधिकारी ने भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि भूगर्भ जल संरक्षण को और अधिक बढ़ावा देने के उद्देश्य से बड़ी-बड़ी औद्योगिक इकाइयों को भी तालाबों के पुनर्भरण एवं जीर्णोद्धार करने के लिए प्रोत्साहित किया जाए एवं भूगर्भ विभाग के अधिकारियों को यह भी निर्देश दिये कि जनपद वासियों को जल सरंक्षण के लिए जागरूकत करने के उद्देश्य से जागरूकता गोष्ठी का आयोजन निरन्तर स्तर पर कराया जायें।

इस महत्वपूर्ण बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक डॉक्टर धर्मवीर सिंह, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अंकुर वाचुका, नोएडा/ग्रेटर नोएडा/यमुना विकास प्राधिकरण, उत्तर प्रदेश प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड, वन विभाग के संबंधित अधिकारी गण उपस्थित रहे।

उत्तर रेलवे

निविदा सूचना

इलेक्ट्रोनिक निविदा ई प्रणाली के अंतर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, उत्तर रेलवे, नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मो से निम्नलिखित मदों के लिए ई–निविदा आमंत्रित की जाती हैः–

क्र. सं.	निविदा संख्या	संक्षिप्त विवरण	मात्रा	अंतिम तिथि
01	07240030F	ड्रा हुक फॉर ड्रा गियर	710 नग	02.04.2025
02	09242568	किट फॉर कांस्टेंट पोल्यूरेथेन साइड बेयरर पैड असेंबली	1404 सेट	22.04.2025

निविदा शर्तें 1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानि www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जाएगी।

टेंडर नोटिस सं. 99/2024-25 दिनांक : 21.02.2025

589/2025

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ